दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 26
कोटद्वार सोमवार
15 मई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं

दैनिक जयन्त

www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## केदारनाथ में जोरदार बर्फबारी जारी, हुआ बारिश का अलर्ट

**देहरादून।** केदारनाथ में रविवार को ताजा बर्फबारी हुई। पुलिस ने मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं। पुलिस ने श्रद्धालुओं से छाता, रेनकोट और जरूरी दवाएं भी साथ रखने की भी सलाह दी है।



पुलिस अधीक्षक (रुद्रप्रयाग) विशाखा अशोक भडाने ने केदारनाथ से एक क्लिप जारी की। इसमें मंदिर पर बर्फ गिरती नजर आ रही है। उन्होंने इस वीडियो संदेश में श्रद्धालुओं से मौसम की जानकारी लेने के बाद ही यात्रा की योजना बनाने की गुजारिश की। गौर करने वाली बात यह कि मई के महीने में केदारनाथ और बद्रीनाथ में लगातार हिमपात दर्ज किया गया है। मई महीने में केदारनाथ और बद्रीनाथ में इस तरह बर्फबारी का होना एक असामान्य घटना है। हालांकि, यह बर्फबारी तीर्थयात्रियों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। श्रद्धालुओं का मंदिर जाना जारी है। मालूम हो कि चार धाम यात्रा शुरू होने के बाद से एक महीने से भी कम समय में दोनों मंदिरों (केदारनाथ और बद्रीनाथ) में चार लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पहुंचे हैं। केदारनाथ मंदिर 25 अप्रैल को और बद्रीनाथ 27 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोला गया था। मौसम विभाग की मानें तो एक पश्चिमी विक्षोभ जम्मू-कश्मीर पर एक ट्रफ के रूप में मौजूद है। यही नहीं उत्तरी राजस्थान पर भी एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। साथ ही पूर्वी यूपी पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। मौसम का पूर्वानुमान जारी करने वाली निजी एजेंसी स्काईमेट वेदर की रिपोर्ट के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी हिमालय पर हल्की से मध्यम बारिश देखी जा सकती है। यही नहीं पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर बर्फबारी का पूर्वानुमान भी जताया गया है। हालांकि इसका असर मैदानी इलाकों पर नहीं देखा जा रहा है।

### धाम में बर्फबारी, खूबसूरत नजारा देख अभिभूत हुए श्रद्धालु, बाबा केदार के लगाए जयकारे

**देहरादून।** उत्तराखंड में आज रविवार को एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला। सुबह से कई जिलों में आंधी तूफान चलने के साथ ही कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन केदारनाथ धाम में बर्फबारी से यहां पहुंचे श्रद्धालु झूम उठे। धाम में इस अद्भुत नजारे ने तीर्थयात्रियों को अभिभूत किया। केदारनाथ धाम में बर्फबारी शुरू होते ही श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के जयकारे लगाने शुरू किए। मौसम विभाग की ओर से उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में आज (रविवार) तेज गर्जना के साथ बिजली चमकने के आसार बताए हैं। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, मैदानी इलाकों में मौसम साफ रहेगा। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश के साथ तेज गर्जना और बिजली चमक सकती है।

## 20 मई से शुरू होगी हेमकुंड यात्रा

**चमोली।** अधिक बर्फ की वजह से 20 मई से शुरू होने वाली हेमकुंड यात्रा पर 60 वर्ष से अधिक आयु के श्रद्धालुओं और बच्चों को यहां जाने की अनुमति पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। हेमकुंड गुरुद्वारा ट्रस्ट और प्रशासन ने स्थलीय निरीक्षण के बाद यह निर्णय लिया है। हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्र जीत सिंह बिन्द्रा ने बताया कि सेना और सेवादारों ने हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग से बर्फ काट कर रास्ता बना दिया है।

लेकिन क्षेत्र में अधिक बर्फ के कारण अभी सीमित संख्या में ही यात्री हेमकुंड साहिब जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हेमकुंड साहिब यात्रा 20 मई से आरंभ होने जा रही है। बताया कि पैदल यात्रा मार्ग से बर्फ हटाकर मार्ग बनाने का कार्य भारतीय सेना के जवानों ने अप्रैल माह से ही शुरू कर दिया था। खराब मौसम के बावजूद भारतीय सेना के जवानों ने पैदल मार्ग से बर्फ हटाने के साथ ट्रस्ट सेवादारों के साथ हेमकुण्ट साहिब पहुंचे। उन्होंने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए प्रशासन की ओर से दिशा-निर्देश के अनुसार अभी कुछ समय तक हेमकुंड आने वाले यात्रियों की संख्या सीमित रखी जाएगी।

इसके अलावा प्रशासन ने यह भी विशेष निर्देश दिए हैं कि बीमार व्यक्ति, सांस से संबंधित बीमारी वाले व्यक्ति के अलावा 60 वर्ष की एवं बच्चों को यात्रा की अनुमति फिलहाल नहीं दी जाएगी। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भी श्रद्धालुओं से नियमों का पालन करने का अनुरोध किया है।

उन्होंने कहा कि जो यात्री आ गए हैं वह अपना पंजीकरण करा लें। यदि किसी कारण पंजीकरण नहीं हुआ है तो वे ऋषिकेश स्थित गुरूद्वारा परिसर में अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

## मुख्यमंत्री धामी ने दी आईसीएसई एवं आईएससी की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को बधाई

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईसीएसई एवं आईएससी की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले प्रदेश के सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी है एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी जीवन के हर पथ पर सफलता प्राप्त करते हुए देश-प्रदेश का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा में जिन विद्यार्थियों को कम अंक प्राप्त हुए हैं वे छात्र निराश ना हों और परिश्रम करते रहें। जीवन का प्रत्येक क्षण हमें अनुभव और अवसर दोनों प्रदान करता है।

## झील में डूब कर 5 बच्चों की मौत, 2 को बचाने में गई 3 और की जान

**बोटाद (एजेंसी)।** गुजरात में दर्दनाक घटना हुई है। बोटाद जिले में झील में डूबने से पांच किशोरों की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और रेस्क्यू टीम ने डूबे बच्चों की तलाश शुरू की। झील में डूब जान गंवाने वाले सभी बच्चों की उम्र 16 से 17 साल के बीच बताई जा रही है। घटना 13 मई की है, पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक बोटाद शहर के बाहर कृष्णा सागर झील है। बताया जाता है कि दो बच्चे अपने दादा के साथ बोटाद झील देखने पहुंचे थे। झील देखने गए बच्चों ने दादा से झील में नहाने की जिद शुरू कर दी। बच्चों के जिद करने पर दादा ने उन्हें झील में नहाने की इजाजत दे दी। दादा की इजाजत मिलने के बाद बच्चे झील में नहाने चले गए।झील में नहा रहे बच्चे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। झील में नहा रहे बच्चों को डूबते देख आसपास मौजूद तीन बच्चों ने भी झील के गहरे पानी में छलांग लगा दी।

डूब रहे बच्चों को बचाने के लिए झील में छलांग लगाने वाले तीनों बच्चे भी डूब गए।

## आईसीएसई इंटर परीक्षा की प्रदेश टॉपर बनी तीस्ता द्विवेदी

**ऋषिकेश।** आईसीएसई इंटर परीक्षा की उत्तराखंड टॉपर ऋषिकेश निवासी तीस्ता द्विवेदी भारतीय विदेश सेवा में जाकर देश की सेवा करनी चाहती हैं। तीस्ता द्विवेदी ने परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। वेल्हम गर्ल्स स्कूल देहरादून में पढ़ने वाली तीस्ता के माता-पिता ऋषिकेश के प्रसिद्ध डॉक्टर है। तीस्ता ने इतिहास, साइकोलॉजी में 100 में से 100 अंक पाये हैं। उन्हें अंग्रेजी में 99, पॉल्टिकल सांइस में 97 अंक मिले है। उत्तराखंड में टॉप आने का श्रेय वह अपने माता-पिता और गुरुजनों को देतीं हैं। तीस्ता की माता डॉ. गीतिका द्विवेदी और पिता डॉ. हरीश द्विवेदी बताते हैं कि तीस्ता ने कक्षा 5 तक ऋषिकेश स्थित ओंकारानंद स्कूल से पढाई की। इसके बाद वह वेल्हम गर्ल्स स्कूल में पढ़ाई कर रही हैं।

## वीकेंड पर लड़खड़ाती रही ट्रैफिक व्यवस्था

**ऋषिकेश।** यात्रा सीजन में लागू नया ट्रैफिक प्लान भी वीकेंड पर जाम से निजात नहीं दिला पा रहा है। रविवार को लंबे जाम से तीर्थनगरी हांफती रही। हरिद्वार-ऋषिकेश हाईवे पर कोयलघाटी तिराहे से मुनिकीरेती, तपोवन तक जगह-जगह जाम लगने से वाहन सरक सरककर आगे बढ़ते नजर आए। प्रत्येक तिराहे और चौराहे पर मुस्तैद पुलिस और होमगार्ड के जवान लड़खड़ाती ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने के लिए खासी मशक्कत करते दिखे। लेकिन, लगातार वाहनों के दबाव के चलते जाम की दिक्कत कम नहीं हुई। एक दिन पहले शनिवार को शहर में जाम की समस्या कम रही,

## गोकशी करने वाले गैंग से पुलिस-सीआईयू की मुठभेड़

### कांस्टेबल और बदमाश को लगी गोली

**हरिद्वार।** बहादराबाद क्षेत्र में शनिवार देर रात गोकशी की तैयारी कर रहे गैंग से बहादराबाद पुलिस-सीआईयू की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पुलिस टीम की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली जा लगी। वहीं, आरोपियों की एक गोली कांस्टेबल के कंधे को छूते हुए निकल गई। घटनास्थल से फरार हो रहा दूसरा बदमाश पैर टूट जाने के कारण भाग नहीं सका, जबकि तीसरा आरोपी फरार होने में कामयाब रहा। एसएसपी अजय सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लेते हुए अधीनस्थों की पीठ थपथपाई है। घायल कांस्टेबल और दोनों बदमाशों को सिविल अस्पताल रुड़की में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है। रविवार को जिला पुलिस कार्यालय में एसएसपी अजय सिंह ने घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने जब कोर कॉलेज से चंद की दूरी पर गांव भारापुर मार्ग पर खेत में गोकशी की सूचना पर छापा मारा तब मौके पर मौजूद आरोपियों ने फायरिंग कर दी। सीआईयू में तैनात कांस्टेबल नितिन के हाथ को छूते हुए गोली निकल गई। पुलिस टीम के जवाब में फायर करने पर एक बदमाश के पैर में गोली जा लगी, जबकि एक बदमाश की भागते समय पैर की हड्डी टूट गई। एसएसपी ने बताया कि तीसरा बदमाश फरार होने में कामयाब रहा। उन्होंने बताया कि गोली लगने से घायल आरोपी सावेज पुत्र भूरा निवासी गांव गंदेबडा थाना फतेहपुर यूपी, बिलाल पुत्र कयूम निवासी चांदपुर गागलहेड़ी जिला सहारनपुर यूपी और कांस्टेबल नितिन को इलाज के लिए रुड़की के सिविल अस्पताल ले जाया गया। बताया कि फरार हुए पंद्रह हजार के इनामी गुल्लू उर्फ तस्लीम पुत्र सलीम निवासी गांव चांदपुर गागलहेड़ी जिला सहारनपुर यूपी की तलाश कर रहे हैं। घटनास्थल से एक गाय, कटान में प्रयुक्त होने वाले उपकरण, दो मोटरसाइकिल, दो देसी तमंचे और कारतूस मिले हैं। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस दौरान एसपी अपराध रेखा यादव, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, एसओ नितेश शर्मा, सीआईयू प्रभारी मनोहर भंडारी मौजूद रहे।

### सीएम धामी ने किया दून विश्वविद्यालय, देहरादून में राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन 'होम्योकॉन- 2023' का शुभारंभ

## राज्य सरकार प्रदेश में आयुष चिकित्सा को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयासरत है: सीएम

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को दून विश्वविद्यालय, देहरादून में राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन 'होम्योकॉन- 2023' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने होम्योपैथिक पर बनी डॉक्यूमेंट्री को लॉच किया। होम्योपैथी के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले चिकित्सकों को मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होम्योपैथी के जन्मदाता सैमुअल क्रिश्चियन हैनिमैन का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने होम्योपैथी के रूप में एक ऐसी उपचार पद्धति विकसित की, जो अत्यंत कारगर होने के साथ साथ किफायती भी थी। उन्होंने कहा कि शरीर ही सारे कर्तव्यों को पूर्ण करने का एकमात्र साधन है। शरीर की रक्षा करना और उसे निरोगी बनाये रखना मनुष्य का सर्वप्रथम कर्तव्य है। यदि मनुष्य निरोगी होगा तो, वह जीवन में सब कुछ कर सकता है। जीवन शैली में तेजी से बदलाव हो रहा है, ऐसे में और भी अधिक आवश्यक हो जाता है कि हम अपने शरीर का




जितना हो सके उतना ख्याल रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अथक प्रयासों के कारण ही आज योग, आयुर्वेद और होम्योपैथी पद्धति समेत तमाम प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धतियां अपना विलुप्त होता वैभव पुनः प्राप्त कर रही हैं।

चाहे वो आयुष मंत्रालय का गठन हो या फिर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हो। प्रधानमंत्री जी की दूरदृष्टि के कारण ही आज पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को लोग अपना रहे हैं। भारत में पारम्परिक चिकित्सा प्रणाली को बढावा देने के लिए प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2014 में पृथक से आयुष मंत्रालय का गठन किया था। राज्य सरकार प्रदेश में आयुष चिकित्सा को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा होम्योपैथी को विश्व की दूसरी सबसे बड़ी प्रचलित चिकित्सा पद्धति माना गया है। हम सभी ने कोरोना काल में होम्योपैथी की दवाइयों सहित पारंपरिक चिकित्सा के महत्व को बहुत करीब से देखा है, जिसके बाद होम्योपैथी की विश्वभर में स्वीकार्यता बड़ी है। इन सुखद परिणामों के चलते ही नई स्वास्थ्य नीति में होम्योपैथी को एक प्रमुख चिकित्सा पद्धति के रूप में स्थान मिला है। राज्य सरकार देवभूमि को एक महत्वपूर्ण आयुष प्रदेश के रूप में स्थापित करने हेतु कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे विषम भौगोलिक परिस्थिति वाले राज्य में आयुष और विशेष रूप से किफायती और कारगर होने के कारण होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति की महत्ता और बढ़ जाती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस कार्यशाला में होने वाले विचार-विमर्श एवं चिन्तन से होम्योपैथी के विकास में और अधिक गति मिलेगी।

केन्द्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि उत्तराखण्ड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य ने होम्योपैथी और आयुष को तेजी से आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी जटिलतम रोगों के निदान का एक कारगर उपाय है। देवभूमि उत्तराखण्ड आयुष की प्रेरक रही है। होम्योपैथी हमारी परंपरागत चिकित्सा पद्धति रही है। होम्योपैथी पर अधिक से अधिक अनुसंधान होने चाहिए। उन्होंने कहा कि आयुष और योग के क्षेत्र में भी भारत की वैश्विक स्तर पर अलग पहचान है। इनको हमें अधिक से अधिक बढ़ावा देना होगा।

इस अवसर पर सचिव आयुष एवं आयुष शिक्षा डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, निदेशक होम्योपैथिक डॉ. जे.एल. फिरमाल, डॉ. रामजी सिंह, डॉ. नितीष दुबे, डॉ. जसवंत पाटिल एवं होम्योपैथी से जुड़े चिकित्सक उपस्थित थे।

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक से पहले चार नेताओं ने की अलग मुलाकात

**बेंगलुरु , एजेंसी।** कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद अब इस बात पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं कि प्रदेश का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा? इसे लेकर राज्य में गहमागहमी भी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में बेंगलुरु में कर्नाटक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धारमैया के आवास के बाहर पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें उन्हें कर्नाटक का अगला सीएम बताया गया है। वहीं डीके शिवकुमार के आवास के बाहर भी पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें उन्हें राज्य का सीएम बताया गया है।

कांग्रेस विधायक दल की बैठक से पहले बड़ी खबर सामने आ रही है। विधायक दल की बैठक शुरू होने से पहले चार नेताओं ने अलग से बैठक की। इन नेताओं में कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला, डीके शिवकुमार, सिद्धारमैया और केसी वेणुगोपाल शामिल हैं। डीके शिवकुमार, सिद्धारमैया और सुरजेवाला ने अलग से बैठक की। बैठक में केसी वेणुगोपाल भी शामिल रहे।



कर्नाटक चुनाव परिणामों पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि वे (कांग्रेस) सिर्फ एक राज्य में जीते हैं और ऐसे हल्ला मचा रहे हैं जैसे कोई विश्व युद्ध जीत लिया हो, हमने कई राज्यों में जीत हासिल की है, लेकिन हमने कभी भी ओवररिएक्ट नहीं किया। कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार सीएलपी बैठक के लिए बेंगलुरु के शांगरी-ला होटल पहुंचे। कांग्रेस विधायक दल की बैठक के लिए बेंगलुरु के शांगरी-ला होटल पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया। कांग्रेस विधायक दल की बैठक के लिए बेंगलुरु के एक होटल में पहुंचे कांग्रेस नेता। बेंगलुरु में कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार के आवास के बाहर भारी संख्या में समर्थक जमा हो गए और 'हम डीके शिवकुमार को सीएम बनाना चाहते हैं' के नारे लगाने लगे। शिवकुमार के समर्थकों ने बेंगलुरू में पार्टी विधायक दल की बैठक से पहले 'डीके शिवकुमार को सीएम' बनाए जाने के नारे लगाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बाद आलाकमान को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। जिसके बाद आलाकमान को मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा करने में थोड़ा समय लगेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दिल्ली में कहा कि हमारे पर्यवेक्षक बेंगलुरु गए हैं, उनके पहुंचने के बाद कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक होगी। कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बाद वे अपनी राय हाईकमान से साझा करेंगे और फिर वे (हाईकमान) यहां से अपना फैसला भेजेंगे। खरगे ने कहा कि कर्नाटक की जनता ने भाजपा को नकार कर कांग्रेस पार्टी को फिर से सत्ता में लाया है। लोगों ने हमें रिकॉर्ड संख्या में वोट दिए हैं। हम अपने मंत्रिमंडल के गठन के बाद अपने घोषणापत्र में जनता से किए गए सभी पांच वादों को लागू करेंगे।

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि कर्नाटक चुनाव के नतीजे घोषित हो चुके हैं। कर्नाटक के लोगों ने कांग्रेस पार्टी को वोट दिया है और मुझे उम्मीद है कि वे अपने वादे पूरे करेंगे। हम और मेहनत करेंगे और बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि लोग पीएम मोदी और उनके प्रचार अभियान से थक चुके हैं, चाहे उन्होंने कितने भी रोड शो किए हों...लेकिन लोगों में उत्साह नहीं था। उन्होंने कहा कि बजरंग दल अलग है और बजरंगबली अलग हैं। बजरंग दल नफरत और हिंसा की राजनीति फैलाने में विश्वास रखता है...कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि कोई भी संगठन जो कानून तोड़ता है, धार्मिक नफरत, धार्मिक कट्टरता फैलाता है, सांप्रदायिक हिंसा फैलाता है, उससे कानून और संविधान के अनुसार निपटा जाएगा। कर्नाटक के प्रभारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने रविवार को कहा कि लता मल्लिकार्जुन ने राज्य में कांग्रेस पार्टी को बिना शर्त समर्थन दिया है। लता मल्लिकार्जुन हरपनहल्ली विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय निर्वाचित हुई हैं। लता मल्लिकार्जुन, अनुभवी नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत एमपी प्रकाश की बेटी हैं।

## मोदी लहर खत्म हो गई है

### संजय राउत बोले- तानाशाही को भी हराया जा सकता है

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) नेता संजय राउत का कहन है कि मोदी लहर खत्म हो गई है और अब उनकी लहर आने वाली है। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत पर संजय राउत ने कहा कि बजरंग बली ने भाजपा का नहीं बल्कि कांग्रेस का साथ दिया। उन्होंने कहा कि रविवार को शरद पवार के घर पर 2024 की तैयारियों को लेकर अहम बैठक होगी।

संजय राउत ने कहा कि 'मोदी लहर खत्म हो गई है और अब देश में हमारी लहर आने वाली है। 2024 लोकसभा चुनाव के लिए हमारी तैयारी शुरू हो गई हैं। आज शरद पवार की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई है, जिसमें 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा होगी और उसकी तैयारी शुरू हो गई है।'

कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत पर राउत ने कहा कि कर्नाटक के लोगों ने बता दिया कि तानाशाही को हराया जा सकता है। कांग्रेस को जीत



मिली है तो इसका मतलब है कि बजरंग बली कांग्रेस के साथ हैं ना कि भाजपा के साथ। हमारे गृहमंत्री कह रहे थे कि अगर भाजपा हारती है तो दंगे होंगे। कर्नाटक में सब शांति और खुश हैं। दंगे कहां हो रहे हैं?

संजय राउत ने कहा कि रविवार शाम साढ़े चार बजे एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार के आवास पर महाविकास अघाड़ी की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में शरद पवार, उद्धव ठाकरे, नाना पटोले, अजित पवार, बालासाहेब थारोट और अन्य नेता शामिल होंगे। बता दें कि कर्नाटक में कांग्रेस की जीत से विपक्ष उत्साहित है और एक तरह से 2024 के लिए ना सिर्फ कांग्रेस बल्कि पूरे विपक्ष को संजीवनी मिल गई है।

# बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

देहरादून। माननीय उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल एवं मा0 जिला न्यायाधीश/मा0 अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून के निर्देशानुसार आज जनपद देहरादून के दूरस्थ क्षेत्र स्थान–एकलव्य मॉडल, रेजीडेंशियल स्कूल कालसी, देहरादून, उत्तराखण्ड के परिसर में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ माननीय न्यायमूर्ति, मनोज तिवारी ने दीप प्रजव्वलन से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी जी, वरिष्ठ न्यायाधीश, माननीय उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड, नैनीताल/ कार्यपालक अध्यक्ष, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल रहें, जिनके द्वारा अपने सम्बोधन में बताया गया कि –न्याय तक पहुँच कानून के नियमों की संकल्पना के आवश्यक तत्वों में से एक है, संवैधानिक परिकल्पना, न्याय को समान आधार पर बढ़ावा देने का प्रावधान करने के साथ–साथ यह भी सुनिश्चित करती है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक या अन्य अक्षमता के कारण न्याय से वंचित न रहें। इसी भावना के अनुरूप विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 अधिनियमित किया गया है, जिसमें उन लोगों की विशिष्ट श्रेणियों को सूचीबद्ध किया गया है, जो मुफ्त कानूनी सेवा प्राप्त करने के हकदार है। इस अधिनियम के अंतर्गत ही देश के उपेक्षित वर्गो तक न्याय की पहुँच को सुगम बनाने हेतु राष्ट्रीय, राज्य, जिला स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरणों का गठन किया गया है, जो सभी के लिये न्याय प्राप्त करने के समान अवसर सुनिश्चित करते हुए समाज के निर्बल वर्गों को आवश्यक विधिक सेवायें प्रदान कर रहे हैं। समाज के उपेक्षित और बहिष्कृत समूहों को प्रभावी कानूनी प्रतिनिधित्व, कानूनी साक्षरता और जागरूकता प्रदान करते हुए एवं कानूनी रूप से उपलब्ध लाभों तथा हकदार लाभार्थियों के बीच के अंतर को भरते हुए उन्हें कानूनी रूप से



सशक्त बनाना ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य ध्येय है। इसके अतिरिक्त विवादों का अनौपचारिक, त्वरित, सस्ता व प्रभावी समाधान प्रदान करने के लिये लोक अदालतों और अन्य वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र प्रणाली को मजबूत बनाना भी इसका उद्देश्य है। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि इस शिविर का उद्देश्य आम जनमानस को सरकार की समस्त लाभकारी योजनाओ का वास्तविक लाभ उपलब्ध कराना है। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तराखण्ड के समस्त जिलो मे सक्रिय रूप से विधिक सेवा उपलब्ध कराने के साथ साथ कानून की जानकारी के लिये प्रचार प्रसार कराते है तथा समाज के हित के लिये लगातार कार्य करते है। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव सहदेव सिंह द्वारा भी विभिन्न कानूनों के सम्बध में जानकारी दी गयी । इस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत एकलव्य मॉडल रेजीडेंशियल, कालसी के छात्रों द्वारा प्रारम्परिक वेशभूषण में ढ़ोल–दमाउ एवं तिलक लगाकर किया गया। अतिथियों का स्वागत जनपद देहरादून के जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप पंत जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में एकलव्य आर्दश आवासीय विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सुधा पैन्यूली, समस्त अध्यापक एवं छात्र का उपस्थित रहें, जिनके द्वारा शिविर के आयोजन में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। जगतबंधु सेवा ट्रस्ट, देहरादून द्वारा महंत इन्द्रेश अस्पताल के चिकित्सकों के माध्यम से व्यक्तियों की जॉचें की गयी व निशुल्क दवाईया भी वितरित की गयी। एवं साई इंस्टीट्यूट, देहरादून की टीम द्वारा भी कार्यक्रम में सहयोग किया गया। एन0 आई0 बी0 एच0 देहरादून के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा 15 दिव्यांग जनों को उपकरण भी वितरित किये गये। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी गोर्वधन सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी, कालसी, जिला पशु चिकित्साधिकारी, डॉ सुनील शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी, श्रीमती मीना बिष्ट द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये तथा साई इंस्टीटयूट की टीम द्वारा तपेदिक रोग के सम्बंध में प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता के लिये नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इफकाई विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा भी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया तथा बालिका निकेतन , केदारपुरम देहरादून की बालिकाओं द्वारा योगा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में पराविधिक कार्यकर्तागण एवं छात्रों को उनके अच्छे कार्यों के लिये प्रशस्ति पत्र/प्रमाणपत्र भी वितरित किये गये। सचिव/वरिष्ठ सिविल जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून हर्ष यादव, द्वारा मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य व्यक्तियों, आमजनता/छात्रों/स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों/प्रशासन के सभी विभागों के अधिकारियों एवं एकलव्य विद्यालय को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## बाबा विश्वनाथ की डोली चारधाम यात्रा के लिये रवाना



नई टिहरी। बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला की 24 वीं रथ यात्रा देवप्रयाग में गंगा स्नान और रघुनाथ मन्दिर में पूजन के बाद चारधाम यात्रा के लिए रवाना हुई। तीन मई को हरिद्वार से शुरू यात्रा कुमाऊं भ्रमण के बाद रविवार को देवप्रयाग पहुंची। देवप्रयाग में मां जगदीशिला की डोली का आशीर्वाद लेने के लिए संगम पर भारत के विभिन्न राज्यों से पहुंचे तीर्थयात्रियों में होड़ लगी रही। गंगा मैया, रघुनाथ जी के जयकारे और देव निशानों के साथ डोली ने गंगा में स्नान किया। यात्रा संयोजक पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि यात्रा यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ होते बदरीनाथ जाऐगी। तीर्थ यात्रियों का स्वागत करते हुए कहा कि गंगा देवप्रयाग से बनती है। विश्व शांति और उत्तराखंड की देव संस्कृति को पुनर्जीवित करना यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पौराणिक परम्पराओं और संस्कृति को जोड़कर देश भर के लोगों का ध्यान देवभूमि की ओर आकर्षित करना उनका उद्देश्य है। डोली यात्रा रविवार को मलेथा,बगवान, लक्ष्मोली, होते देवप्रयाग पहुंची। डोली यात्रा में 22 सदस्य शामिल थे। यात्रा अध्यक्ष रूप सिंह बजियाला, कुंवर सिंह राणा , हुकुम सिंह, परमवीर पंवार, उत्तम असवाल, त्रिवेंद्र रावत,डॉ. जेपी उनियाल, सुरेंद्र कुमार, अनसूया मिश्रा, माया पंचभैया, शुचिता असवाल , ललिता नैथानी, शशिकांत, विनोद टोडरिया,दिगंबर सिंह, महावीर,सचिन रावत, तोता सिंह, श्यामदास, धनी लाल आदि उपस्थित थे।

### विकासनगर के यथार्थ, यशस्वी ने सीआईसीएसई की परीक्षा में लहराया परचम

विकासनगर। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईसीएसई) के दसवी के परिणाम घोषित होने पर विकासनगर के सोनी परिवार में भी खुशियां छा गई। इस परिवार के दो भाई बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इन दोनों के भाई बहनों बताया कि प्रशासनिक सेवा और सेना में जाना उनका लक्ष्य है। विकासनगर निवासी यश्वसी सोनी और उनके चचेरे भाई यथार्थ सोनी देहरादून के श्री राम सेंटेनियल स्कूल में पढ़ते हैं।

रविवार को घोषित परीक्षा परिणाम में यथार्थ सोनी ने 92.6 प्रतिशत और यशस्वी सोनी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## बस, टैक्सी स्टेंड के सामने खुली अंग्रेजी शराब की दुकान का विरोध

विकासनगर। मुख्य बाजार में पेट्रोल पंप के पास टैक्सी, बस स्टैंड के सामने अंग्रेजी शराब की दुकान खोलने से माहौल खराब होने का आरोप स्थानीय बाशिंदों और व्यापारियों ने लगाया है। व्यापारियों का कहना है इससे उनके व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विकासनगर मुख्य बाजार में संचालित होने वाली अंग्रेजी शराब की दुकान को कुछ दिन पहले पेट्राले पंप के नजदीक शिफ्ट किया गया। जिस जगह पर दुकान संचालित हो रही है, वहां पर बस स्टैंड के साथ ही टैक्सी और ऑटो स्टैंड भी है। स्थानीय व्यापारी राकेश शर्मा, मनोज कुमार, इशांत जैन का कहना है कि पास में शराब की दुकान होने के कारण लोग उनकी दुकानों में भी खरीदारी करने नहीं आ रहे हैं। खासकर महिलाएं ऐसी जगह पर आने से बच रही हैं, जिससे उनके व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इतना ही नहीं शराब की दुकान के सामने ही बस, टैक्सी, ऑटो के इंतजार में देर रात तक महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग वाहनों के इंतजार में खड़े रहते हैं। ऐसे में उन्हें भी अपनी सुरक्षा का भय बना रहता है। लोगों का कहना है कि शराब की दुकान खुलने से रात्रि के समय यहां से गुजरना मुश्किल हो रहा है। जौनसार बावर के साथ ही उत्तरकाशी और टिहरी जाने वाले वाहन यहीं पर खड़े रहते हैं। महिला यात्रियों को कई बार असहज परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है। जबकि देहरादून के शिक्षण संस्थानों से लौटकर आने वाले छात्र–छात्राएं भी अपने गंतव्य तक जाने के लिए इसी जगह पर टैक्सी और ऑटो का इंतजार करते हैं। व्यापारियों ने कहा कि स्थानीय लोगों, यात्रियों की सुरक्षा के साथ ही आसपास के व्यापारियों की परेशानी को देखते हुए अंग्रेजी शराब की दुकान यहां से हटाई जानी जरूरी है। राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे अंग्रेजी शराब की दुकान शासन से जारी नियमों के अनुसार संचालित हो रही है या नहीं, इसकी जानकारी आबकारी विभाग से ली जाएगी।

## गौरव सैनानी एसोसिएशन उत्तराखंड के तत्वावधान में पूर्व सैनिकों ने निकाली विशाल रैली

देहरादून। 14मई रविवार को गौरव सैनानी एसोसिएशन उत्तराखंड के तत्वावधान में देहरादून जिले के 50 से अधिक पूर्व सैनिकों संगठनों ने हजारों पूर्व सैनिकों, वीर नारियों सैनिक आश्रित परिवारों ने सी एस डी कैंटीन, ई सी एच एस, उपनल में चल रही भारी अनियमितताओं पर एक विशाल रैली का आयोजन किया। सर्वप्रथम सभी पूर्व सैनिक संगठनों ने चीड़ बाग शौर्य स्थल पर देश के वीर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीदों को याद करके दो मिनट का मौन धारण किया। उसके बाद गौरव सैनानियों के समर्थन में दिल्ली से आए वाइस आफ एक्स–सर्विसमैन सोसायटी भारत के चेयरमैन बीर बहादुर जी ने सभी को सम्बोधित किया। सभी को देश में जोरों से चल रहे ओ पी आर ओ पी अभियान के तहत महत्वपूर्ण जानकारियां दी और सभी को एकजुट होकर चलने का आह्वान किया उसके बाद सभी पूर्व सैनिकों ने आज 1000 पोस्ट कार्ड में ओ आर ओ पी की भारी विसंगतिया लिखकर भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को पोस्ट कार्ड पत्र भेजा। उसके पश्चात चीड़ बाग शौर्य स्थल से हजारों पूर्व सैनिक, वीर नारियां, सैनिक आश्रित परिवार बैनर, तिरंगा झंडे, मांगो



की तख्तियां लेकर हाथीबड़कला माननीय गणेश जोशी जी,सैनिक कल्याण मंत्री कैम्प कार्यालय पहुंचे और वहां पर सभी संगठनों ने अपने अपने ज्ञापन सैनिक कल्याण मंत्री को सौंपे और साथ ही कहा कि कुछ दिन पहले हमारे कुछ गौरव सैनानी 22 मार्च को सब एरिया कैंटीन में गये थे वहां पर जवान ,जे सी ओ सी एस डी कैंटीन काउंटर पर सामान नहीं था और अफसर काउंटर पर पूरा सामान था इतनी शिकायत कैंटीन मैनेजर से करने पर कैंटीन मैनेजर का अभद्र व्यवहार करना व हमारे गौरव सैनानियों पर सेना मिलिट्री पुलिस बुलाना एक निंदनीय कार्य है। दूसरे दिन 23 मार्च को कुछ गौरव सैनानी कैंटीन की अनियमितताओं पर कैंटीन मैनेजर को शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञापन सौंपने गये थे, पर अपने घंमड में कैंटीन मैनेजर 3 घंटे तक बाहर नहीं आये। किसी ने भी कोई अभद्रता नहीं की जिसके आज भी हमारे पास विडियो साक्षी है। उसके दूसरे दिन उत्तराखंड पूर्व सैनिक पूर्व अर्धसैनिक के केन्द्रीय अध्यक्ष कर्नल रघुवीर सिंह भंडारी द्वारा पूर्व सैनिकों के खराब आचरण व पैंशन बंद करने की चेतावनी दी गई जो कि पूर्व सैनिकों के प्रति निंदनीय भावना को दर्शाता है। फिर सब एरिया कैंटीन मैनेजर द्वारा सात दिन बाद सोची समझी रणनीति के तहत 23 मार्च को ज्ञापन देने आये 50 से अधिक गौरव सैनानियों पर मुकदमा दर्ज किया जाता है। जिसमें सभी आरोप झूठे व साजिश से लिप्त थे जिसमें अपने ही स्टाफ की महिला का झूठे गर्भपात का आरोप भी पूर्व सैनिकों पर लगाया गया जो कि निंदनीय है और आज तक हमारे प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री जी द्वारा पूर्व सैनिकों पर किये मुकदमे पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया जो कि हमेशा सैनिकों के हितों की बात करते हैं जिससे समस्त पूर्व सैनिक, वीर नारियां व सैनिक आश्रित परिवार नाराज हैं। सभी ने कहा है कि तक पैशन बंद करने की चेतावनी देने वाले और मुकदमा दर्ज करने वाले पूर्व अधिकारी समाचार पत्रों के माध्यम से लिखित में माफी नहीं मांगेंगे तब तक पूर्व सैनिक सब एरिया से कोई बातचीत नहीं करेंगे और गलत सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे। गलत के खिलाफ आवाज उठाना लोकतंत्र में सभी का अधिकार है सभी पूर्व सैनिक संगठनों ने सैनिक कल्याण मंत्री उत्तराखंड सरकार से कहा है कि जल्द से जल्द सभी सी एस डी कैंटीनों,ई सी एच एस,उपनल में हो रही अनियमितताओं पर सुधार नहीं किया गया तो फिर पूर्व सैनिक इसी प्रकार आवाज उठाते रहेंगे ।

अब समय बदल चुका है आज जवान,जे सी ओ के साथ भेदभाव बिल्कुल मंजूर नहीं किया जायेगा अगर आज सभी सैनिक वेलफेयर संस्थाएं पूर्व सैनिकों, वीर नारियों व सैनिक आश्रित परिवारों के साथ सही बर्ताव करेंगे और सिस्टम को सही किया गया तो पूर्व सैनिक सभी जगह सहयोग करेंगे आज रैली के दौरान बीच रास्तों में कई पूर्व सैनिक सामाजिक कार्यकर्ताओ द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई जो कि एक सराहनीय कार्य है ।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक की जीत पर कांग्रेसियों ने जताई खुशी

ऋषिकेश। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। कांग्रेसियों ने आतिशबाजी कर मिठाई बांटी और जय बजरंगबली के नारे लगाए। रविवार को ढालवाला चौक पर इंटक और नगर कांग्रेस के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने जय बजरंगबली के नारे लगाकर आतिशबाजी की। इंटक के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक भट्ट ने कहा कि कर्नाटक में मिली ऐतिहासिक जीत कांग्रेस के लिए संजीवनी बूटी का काम करेगी। कर्नाटक की जनता ने भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता के खिलाफ वोट किया है। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर खरोला ने कहा कि अब देश की जनता समझ चुकी है कि जनविरोधी मोदी सरकार के पास विकास का कोई मुद्दा नहीं है। आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता मोदी सरकार के खिलाफ वोट करेगी। खुशी जताने वालों में दिनेश सकलानी, दिनेश भट्ट, अजय रमोला, विनोद सकलानी, अनिल रावत, सर्वेंद्र कंडियाल, शिवम भट्ट, अमित तड़ियाल, सचिन सेलवान, दलवीर रावत, सुरेंद्र भंडारी, अनीता कोटियाल, प्रमिला बिजल्वाण, सरस्वती जोशी आदि उपस्थित रहे।

### शिविर में 200 से अधिक ने कराई स्वास्थ्य जांच

चमोली। पोखरी में भारतीय जनता युवा मोर्चा और बलूनी हॉस्पिटल देहरादून की ओर से नगर में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां 200 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई। मरीजों को नि:शुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। इससे पहले शिविर का उद्घाटन भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत और नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद पंत ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता मयंक पंत, बीरेंद्र राणा, ललित मिश्रा, रमेश चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### फर्जीवाड़े में जैन ट्रेडर्स के संचालक पर मुकदमा

ऋषिकेश। फर्जीवाड़ा करते हुए टाटा साल्ट कंपनी के नाम से नमक बेचने का मामला सामने आया है। श्यामपुर में कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस की मौजूदगी में नमक की खेप बरामद की है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी व्यापारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक टाटा साल्ट कंपनी के नाम से फर्जी तरीके से नमक बेचने की शिकायत पर चंडीगढ़ स्थित सेक्टर 34 से फील्ड मैनेजर निखिल ठाकुर पहुंचे। उन्होंने ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्रों में जांच की, तो पता चला कि जैन ट्रेडर्स नामक फर्म का संचालक फर्जी तरीके से कंपनी के नाम का इस्तेमाल कर नमक बेच रहा है। पुलिस टीम को साथ लेकर वह श्यामपुर स्थित व्यापारी के गोदाम पर पहुंचे। उन्हें 20 कट्टों में नमक बरामद हुआ।

## बढ़ती गर्मी के साथ लच्छीवाला पर्यटकों से गुलजार



ऋषिकेश। गर्मी बढ़ते ही लच्छीवाला नेचर पार्क भी सैलानियों से गुलजार रहने लगा है। यहां कुछ दिनों से लगातार पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। लच्छीवाला में वीकेंड के दिनों में 1400 से अधिक व अन्य दिनों में 600–700 सैलानी पहुंच रहे हैं। वीकेंड के दिनों में नेचर पार्क की आमदनी एक लाख पार हो रही है। आम दिनों में आमदनी पचास हजार से ऊपर जा रही है।

पार्क में एक व्यक्ति का शुल्क 80 रुपये है, वहीं चार पहिया वाहन का 25 और दुपहिया वाहन का 15 रुपये शुल्क है। नाइट वाटर फाउंटेन का शुल्क 100 रुपये है। पर्यटक यहां नेचर पार्क में बोटिंग का लुफ्त भी उठा रहे हैं। लच्छीवाला नेचर पार्क में म्यूजियम भी बनाया गया है। यहां उत्तराखंड की पौराणिक चीजें रखी गई हैं। बच्चों के लिए नेचर पार्क में झूले लगाए गए हैं।

### कांग्रेसियों ने कर्नाटक की जनता का आभार जताया

नई टिहरी। कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने पार्टी दफ्तर में बैठक की। इस दौरान उन्होंने कर्नाटक की जनता का आभार जताया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष आशा रावत ने कहा कि राजनीति में सिद्धांतों और जनता के हक की लड़ाई होनी चाहिए। भाजपा ने प्रतिशोध की राजनीति के चलते कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करवाई है। भाजपा देश हित के मुद्दों से जनता का ध्यान भटकने में लगी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राणा ने कहा कि भाजपा ने कर्नाटक की जनता से जो वादे किये थे, उन्हें पूरा न करने का उन्हें खमियाजा भुगतना पड़ा है। कांगेस ने हमेशा देश के युवाओं को रोजगार देने का काम किया है।

## लोक अदालत में 335 वादों का सुलह–समझौते कर निस्तारण किया

नई टिहरी। जनपद के जिला न्यायालय, वाहय न्यायालयों व राजस्व न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 335 वादों का निस्तारण कर 2.21 करोड़ की धनराशि के सुलह समझौते किये गये। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व सीनियर जज आलोक राम त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला जज योगेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में जनपद की सभी अदालतों में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें वादों का निस्तारण सुलह–समझौतों के आधार पर किया गया। लोक अदालत के लिए गठित कुल सात बैचों के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला न्यायाधीश योगेश कुमार गुप्ता की बैंच ने कुल 5 वादों का निस्तारण 32.87 लाख रूपये के मामलों के सुलह–समझौते करवाये। कुटुम्ब न्यायालय के प्रदीप कुमार मणि की बेंच ने कुल 8 वादों का निस्तारण 8.77 लाख रूपये के वादों का निस्तारण करवाया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद कुमार बर्मन की बैंच ने कुल 65 वादों का निस्तारण 48.56 लाख रूपये के सुलह समझौते करवाये। सीनियर सिविल जज अविनाश कुमार श्रीवास्तव की बैंच ने कुल 12 वादों का निस्तारण 45.91 लाख रुपये के सुलह–समझौते करवाये। अपर सीनियर सिविल जज आफिया मतिन की बैंच ने कुल 27 वादों का निस्तारण 32.74 लाख रूपये के सुलह–समझौते करवाये। इस तरह से कुल 2.21 करोड़ के सुलह–समझौते जिले की सभी अदालतों में करवाये गये।

### वार्षिक परीक्षाओं की तिथि की स्थगित

नई टिहरी। श्री देव सुमन उत्तराखंड विवि की वार्षिक प्रणाली से सत्र 2022–23 की कुछ परीक्षा स्थगित की गई हैं। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. वीपी श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों की मांग पर जी 20 के कार्यक्रमों को देखते हुए वार्षिक पद्धति के तहत सत्र 2022–23 के तहत आगामी 18 मई से आयोजित होने वाली परीक्षायें अब आगामी 29 मई से आयोजित की जायेंगी।

## अन्नापूर्णा माता मेले में उमड़ी लोगों की भीड़

नई टिहरी। तीर्थनगरी देवप्रयाग के निकट तुणगी गांव में वैशाख माह में आयोजित होने वाला अंतिम अन्नपूर्णा माता मेला आस्था और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। मेला स्थल तक सड़क पहुंचने की वजह से इस वर्ष मेले में बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्र से लोग पहुंचे। लोगों ने अन्नपूर्णा माता की पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। अन्नपूर्णा माता के मंदिर में करीब 48 वर्ष पूर्व प्रसिद्ध विद्वान स्व. आचार्य चक्रधर जोशी तथा समाजसेवी स्व.भारती सिंह ने पशु बलि के विरोध में इस एतिहासिक मेले की शुरूआत की थी। अन्नपूर्णा मेले के प्रभाव से क्षेत्र के थौल मेलों में होने वाली पशुबलि भी धीरे धीरे बंद हो गई। क्षेत्र का अखिरी मेला अन्नपूर्णा माता मेले में देवप्रयाग नगर, भदनी, मुनेठ, पालीसैंण, बागी ,कांडाधार, महड़ ,भ्वीट ,कोटी, खड़गीर, सामपुर ,डडणा, किरोड़ ,भरपूर ,साकनी सहित कई गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

### राशन डीलरों ने मानदेय को लेकर चर्चा की

चमोली। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डिलर्स फेडरेशन की बैठक थराली के ब्लॉक सभागार में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तराखंड के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रेवाधर बृजवासी एवं उत्तराखंड प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश पंत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गल्ला विक्रेताओं की समस्याओं पर चर्चा हुई। डीलरों ने मानदेय व पिछले बिलों के बकाया राशि को लेकर समाधान की मांग की। कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि वे सरकार के संपर्क में है।

## मेयर ममगाई ने लिया पेयजल व्यवस्था का जायजा

ऋषिकेश। मेयर अनिता ममगाई ने चारधाम यात्रा को लेकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। कई जगहों पर सूखे नल मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल प्रभाव से जल संस्थान के अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कहा। रविवार को मेयर अनिता ममगाईं ने चारधाम यात्रा के मद्देनजर पेयजल व्यवस्था का विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रा बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, त्रिवेणी घाट सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था देखी। व्यवस्थाओं से मेयर संतुष्ट नहीं दिखीं। उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों को सुधार के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मौसम पिछले तीन दिनों से बेहद गर्म होना शुरू हो गया है। ऐसे में पेयजल व्यवस्था



दुरुस्त होना बेहद जरूरी है। शहर में पानी की कोई कमी नहीं आनी चाहिए। मेयर ने कहा कि, भीषण गर्मी को देखते हुए आवश्यकतानुसार पानी का समय बढ़ाया जाएं। दूषित जलापूर्ति की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। जब तक निस्तारण न हो जाए तब तक जनता के लिए टैंकर के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

# जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़े युवा, अवश्य मिलेगी मंजिलः ऋतु

## धूमधाम से मनाया गया विश्व विद्यालय का वार्षिकोत्सव

जयंत प्रतिनिधि

**कोटद्वारः** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि युवाओं को जीवन में अपना लक्ष्य तय कर पूरे मेहनत से उसे पाने में जुट जाना चाहिए। एक बेहतर शिक्षा ही बेहतर देश व समाज का निर्माण कर सकती है। इस दौरान उन्होंने भगवतंत ग्लोबल विश्व विद्यालय के अव्वल विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।

भाबर क्षेत्र के झंडीचौड़ स्थित भगवंत ग्लोबल यूनिवर्सिटी में वार्षिकोत्सव व छात्र विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आरंभ मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा कुछ समय पूर्व कोटद्वार के कॉलेज के छात्रों से कोटद्वार में पार्क बनाने को लेकर थ्रीडी डिजाइन मांगे गए थे और अच्छे डिजाइन बनाने वाले छात्रों का सम्मान करने की बात भी कही गई थी।



भगवंत ग्लोबल विश्व विद्यालय में विद्यार्थी व अन्य लोगों को संबोधित करती विस अध्यक्ष

इस क्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने यूनिवर्सिटी के अच्छे डिजाइन बनाने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विस अध्यक्ष ने यूनिवर्सिटी के विदाई समारोह के छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने अपनी शिक्षा पूरी कर ली है और एक नई यात्रा के लिए तैयार हैं।

आपने विश्वसनीय ज्ञान और नए कौशल प्राप्त किए हैं जो आपको आगे बढ़ने में मदद करेंगे। कहा कि हमारे छात्र हमारे भविष्य होते हैं और हमारे देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह में प्रोफेसर डा. पी एस राणा, स्वामी डा. विश्वपाल जयंत, मनोज पांथरी ,हरी सिंह पुंडीर, आशीष रावत, रामेश्वरी देवी, कैलाश खुलबे, नवल किशोर और प्रकाश बलोदी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## जीवन में मां के महत्व की दी जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी।** मदर्स डे पर आह्वान संस्था द्वारा जीवन उपलब्धि सम्मान समारोह व कीर्तन मंडली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने जीवन में मां के महत्व की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में 70 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कीर्तन मंडलियों ने शानदार कीर्तनों की प्रस्तुतियां दीरविवार को प्रेक्षागृह में आयोजित जीवन उपलब्धि सम्मान समारोह व कीर्तन मंडली प्रतियोगिता में महिलाओं ने कीर्तनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। इस मौके पर मुख्य अतिथि महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कार्यक्रम की सराहना की। कहा कि राज्य की महिलाएं हर क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। आयोग प्रदेश में महिला नीति के लिए फाइनल ड्राफ्ट तैयार कर रहा है। इस मौके अति विशिष्ट अतिथि विधायक राजकुमार पोरी, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुषमा रावत, नगरपालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम, संस्था की अध्यक्ष प्रियंका थपलियाल आदि शामिल रहे।

## संत निरंकारी मंडल ने बाबा हरदेव सिंह को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** संत निरंकारी मंडल कोटद्वार शाखा की ओर से बाबा हरदेव सिंह की पुण्य तिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

वक्ताओं ने कहा कि समाज के लिए दिए गए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। आज उनका मिशन 60 देशों में संचालित हो रहा है। संस्थान द्वारा चलाए गए रक्तदान अभियान को गिनीज बुक और वर्ल्ड में स्थान मिला, जो मंडल के लिए गर्व का विषय है। साथ ही मंडल समाज सेवा के कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर ब्रांच मुखी कोटद्वार धीरेंद्र सिंह रावत, के एन पोखरियाल, हरीश ढ़ौंडियाल, वी के घिल्डियाल, रतन रावत, शशि जुयाल, निर्मला चौहान और राधा अग्रवाल सहित शाखा के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## मां भुवनेश्वरी की देवडोली का सतपुली में भक्तों ने किया भव्य स्वागत

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** कल्जीखाल के सांगुड़ा बिलखेत से मां भुवनेश्वरी की देव डोली आदिशक्ति मां भुनेश्वरी मंदिर पूजा सेवा समिति के तत्वावधान में मंदिर परिसर से गंगा स्नान के लिए हरिद्वार निकली। मां भुनेश्वरी देव डोली के सतपुली पहुंचने पर स्थानीय व्यापारियों व नगर वासियों ने देव डोली का भव्य स्वागत किया। जिसके बाद डोली के साथ नगर में भ्रमण किया गया। इस दौरान भक्तों ने मां भुनेश्वरी के नारों से नगर को गुंजायमान कर दिया।वहीं उत्तराखंडी पारंपरिक वाद्य यंत्र ढोल, दमाऊ मसकबीन की थाप पर नगर भ्रमण के दौरान भक्त झूमते रहे ।

मंदिर के पुजारी आचार्य नागेंद्र मोहन सेलवाल ने बताया कि मां भुनेश्वरी की देव डोली पहली बार गंगा स्नान के लिए विभिन्न बाजारों सतपुली, गुमखाल, दुगड्डा, कोटद्वार से होकर रविवार सुबह हरिद्वार गंगा स्नान के लिए निकली। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष जयदीप नेगी, कोषाध्यक्ष सुनील डंडरियाल, सत्यनारायण वेदी, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर प्रेम सिंह रावत, सुरजन रौतेला, चंद्रमोहन सिंह, वेद प्रकाश वर्मा, बृजमोहन सिंह, गीता रावत, किरण रौतेला, इन्दु जुयाल सहित महिला मंगल दल के सदस्य, स्थानीय नगरवासी एवं व्यापारी आदि शामिल रहे।

## 4.80 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**कोटद्वारः** कोतवाली पुलिस ने 4.80 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला ने बताया कि शनिवार शाम पुलिस गब्बर सिंह कैंप मजार के समीप गश्त कर रही थी। इसी दौरान उन्हें एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। बताया कि तलाशी के दौरान युवक की जेब से स्मैक बरामद हो गई। आरोपित की पहचान काशीरामपुर तल्ला निवासी रोहित नेगी के रूप में हुई है। बताया कि आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# भाबर में शराब की दुकान खुलने के लिए महापौर जिम्मेदारः पार्षद

**विधानसभा अध्यक्ष के बचाव में उतरे भारतीय जनता पार्टी के पार्षद**

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** भाबर क्षेत्र में शराब की दुकान खोलने को लेकर शुरू हुई राजनीति खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। अब भाजपा पार्षदों ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण का बचाव करते हुए शराब की दुकान खुलने के लिए महापौर को जिम्मेदार ठहराया है। कहा कि जल्द ही पार्षद इसका भी खुलासा करेगे कि शराब की दुकान खोलने के लिए नगर निगम ने ही एनओसी जारी की है।

रविवार को लोनिवि के गेस्ट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए भाजपा पार्षदों ने कहा कि नगर निगम में मेयर और कांग्रेस पार्षद मनमर्जी कर रहे हैं। जिससे विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो गए हैं।



कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते पार्षद

उन्होंने कहा कि दुर्गापुर क्षेत्र में पिछले दिनों खोली गई शराब की दुकान से निगम द्वारा ट्रेड शुल्क लिया जा रहा है। जबकि मेयर ने दावा किया था कि निगम की तरफ से शराब की दुकान खोलने की एनओसी नहीं दी गई है।

भाजपा पार्षदों ने दावा किया कि ट्रेड शुल्क लेना ही एनओसी होता है। हालांकि वे इस तरह का कोई जीओ या सरकारी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। भाजपा पार्षदों ने कहा कि वे जल्द ही मीडिया के सामने तथ्य रखेंगे। इस मौके पर नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया, पार्षद कमल नेगी, नीरुबाला खंतवाल, जयदीप नौटियाल, हरीश लखेड़ा, सौरभ नौडियाल, मनोज पांथरी, मनीष भट्ट, मालती बिष्ट मौजूद रहे।


## राजेंद्र प्रसाद पंत बने अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** वन विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पनियाली स्थित अरण्य सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सेवानिवृत्त वन अधिकारी एवं कर्मचारी कल्याण समिति का गठन करने के साथ ही समिति के पदाधिकारियों का चुनाव भी किया गया। कार्यकारिणी में धीरजधर बछवाण व अनिल कुकरेती संरक्षक, राजेंद्र प्रसाद पंत अध्यक्ष, केसी राम निराला सचिव, सुरेश मधवाल कोषाध्यक्ष और आरए खान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए। गणेश डोभाल को आडिटर व चंद्र किशोर असवाल को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में लैंसडौन वन प्रभाग, भूमि संरक्षण वन प्रभाग कालागढ़ और बिजनौर वन प्रभाग के सेवानिवृत्त सदस्यों के साथ मिनिस्टीरियल स्टाफ के सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

# ग्रामीणों ने उठाई चैलूसैंण-सुराड़ी मोटर मार्ग निर्माण की मांग, किया प्रदर्शन

## जल्द मांग पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी



मार्ग निर्माण के लिए प्रदर्शन करते ग्रामीणं

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** यमकेश्वर विधान सभा के अंतर्गत चैलूसैंण–सुराड़ी मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्र के गांवों के ग्रामीणों ने सुराड़ी में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मोटर मार्ग निर्माण अविलंब आरंभ न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

द्वारीखाल प्रखंड के सुराड़ी, च्वरा, सौड़, भगोला सहित अन्य गांवों के ग्रामीण सुराड़ी में एकत्रित हुए। शासन–प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि वर्ष 2016 में शासन ने राज्य योजना के अंतर्गत चेलूसैण–सुराड़ी मोटर मार्ग की स्वीकृति प्रदान की। 2020 में लोनिवि लैंसडौन ने वन विभाग के साथ क्षेत्र का सर्वे भी किया, लेकिन भूमि स्थानांतरण न होने के कारण निर्माण कार्य रूक गया। तब से ग्रामीण मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लगातार उठाते आ रहे हैं, लेकिन कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है। सड़क सुविधा न होने के कारण क्षेत्र के गांवों से पलायन लगातार बढ़ता जा रहा है। चेतावनी दी कि मोटर मार्ग निर्माण कार्य अविलंब आरंभ न होने की स्थिति में क्षेत्रीय जनता के सहयोग से आंदोलन चलाया जायेगा। प्रदर्शन करने वालों में भारत भंडारी, सेनि. ब्रिगेडियर मुकुल भंडारी, प्रकाश सिंह, सुभाष भंडारी, पुष्पा देवी, कांती देवी और सुंदरी देवी सहित क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## महोत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाया अपना हुनर

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ीः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में छात्र संघ परिषद, सांस्कृतिक परिषद एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर प्रदर्शनी, रंगोली, केश सज्जा एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।


प्रतियोगिता का शुभारंभ पोस्टर प्रतियोगिता के साथ हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में आशीष ममगांई व बृजेश धस्माना, हिमांशी भंडारी व यशोदा, मोहित सिंह राणा व सुनील सिंह ने क्रमश पहला, दूसरा व तीसरा स्थान पाया। केश सज्जा प्रतियोगिता में पूजा रानी, अंजलि, शालिनी ने क्रमश पहला, दूसरा व तीसरा स्थान पाया।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में शिवानी ने पहला, सुष्मिता ने दूसरा व बीना ने तीसरा स्थान पाया। इस मौके पर निर्णायक डा. सुधीर सिंह रावत, डा. दुदुन मेहता, डा. मीनू बुटोला, प्राचार्य डा. रेनू रानी बंसल, सांस्कृतिक परिषद की संयोजक डा. निर्मला रावत आदि शामिल रहे।

## भाषण में सानिया व चित्रकला में डौली ने मारी बाजी

श्रीनगर गढ़वाल। हंस फाउंडेशन के तत्वावधान में राजकीय आदर्श इण्टरमीडिएट कॉलेज कीर्तिनगर में नशा मुक्ति विषय पर सीनियर वर्ग (कक्षा– 9 से 12) में भाषण एवं जूनियर वर्ग (कक्षा– 6 से 8) में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दोनों प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 9 की सानिया ने प्रथम स्थान, अनुपमा ने द्वितीय स्थान एवं कक्षा 12 की हर्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक विद्यालय के शिक्षक नवीन यादव, रविंद्र रावत एवं बीना रावत रही।

चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 8 की डौली ने प्रथम स्थान, कक्षा 7 की खुशी ने द्वितीय एवं मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक शिक्षक संदीप मैठाणी, मंजू खत्री एवं अंजू ध्यानी रहे। इस मौके पर समाजसेवी डॉ. प्रदीप अण्थवाल, कोतवाली कीर्तिनगर के एसएसआई धनराज सिंह बिष्ट, एसआई रीना नेगी, छात्रसंघ उपाध्यक्ष रॉबिन सिंह असवाल ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। संचालन विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक एवं प्रवक्ता कमलेश चंद्र जोशी ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने सभी अतिथियों एवं हंस फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।



## 30 मई को वन रैंक वन पेंशन में सुधार को करेंगे प्रदर्शन

**पौड़ी।** पूर्व सैनिक कल्याण संगठन 30 मई को पौड़ी में वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगा। जिसको लेकर संगठन ने तैयारियां तेज कर दी है।

संगठन के अध्यक्ष सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह राणा व सचिव कुलदीप सिंह नेगी ने बताया कि फेडरेशन ऑफ वेटेरिऐंन्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सूबेदार अर्जुन सिंह राठौर के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर मंतर में वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों को दूर करने के लिए पूर्व सैनिकों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों की मांग पूरी करने को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे पूर्व सैनिकों में रोष बना हुआ है। उन्होंने कहा कि धरना प्रदर्शन को 30 मई को 100 दिन पूरे हो जाएंगे। 100 दिन पूरे होने पर जहां पूरे देश के जिलों में पूर्व सैनिकों का धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं जिले के पूर्व सैनिक पौड़ी में धरना प्रदर्शन करेंगे और वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों को दूर करने की मांग करेंगे।

# कान्वेंट स्कूल श्रीनगर में हाईस्कूल में मयंक व इंटर में पीयूष रहे टॉपर

श्रीनगर गढ़वाल। आईसीएसई(हाईस्कूल) और आईएससी(इंटर) बोर्ड परीक्षा का परिणाम रविवार को जारी हुआ। जिसमें कान्वेंट स्कूल से आईसीएसई बोर्ड परीषा में मंयक सिंह नेगी ने 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया। जबकि आईसीएसई बोर्ड में स्तुति चौहान 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा व मयंक लखेड़ा ने 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। आईएससी बोर्ड में पीसीएम ग्रुप में पीयूष चंद्र थपलियाल ने 93.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। जबकि पीसीएम ग्रुप में आदित्य सिंह पंवार ने 92.25 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा व राधिका नेगी ने 89.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। आईएससी कॉमर्स वर्ग में अवनीश ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अमित सिंह राणा ने 83.75 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा व नकुल ने 82.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। छात्रों की उपलब्धि पर विद्यालय की प्रिंसिपल सिस्टर शोभिता, मैनेजर जोश वर्मिश, विकास घिल्डियाल, शीला रावत, मीनाक्षी खंडूड़ी, बुद्धि प्रकाश बडोनी, कुंवर पुंडीर, ज्योति जुगराण, अंकित फोदणी, नीलेश थपलियाल, नरेश डोभाल, पूनम गुप्ता, निक्की कालड़ा, मोनिका मैठाणी, रेनू आदि ने खुशी जताई।

## कर्नाटक जीत पर गौचर में कांग्रेसियों ने पूजा अर्चना

चमोली। कर्नाटक में कांग्रेस को भारी बहुमत से जीत मिलने पर गौचर में कांग्रेसियों ने देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। साथ ही मुख्य बाजार में खुशी मनाते हुए मिठाइयां वितरित की। रविवार को कांग्रेसियों ने कालिंका देवी मंदिर देवी कालिंका और बजरंग बली हनुमान की पूजा की।

## रिजर्व फोरेस्ट में बना धार्मिक स्थल तोड़ा

नई टिहरी। शासन–प्रशासन के निर्देश के बाद अवैध रूप से बने धार्मिक स्थलों को तोड़ने की कार्यवाही की गई है। वन विभाग ने टिहरी रेंज के चंद्रबदनी अनुभाग के ग्राम दखोली में बीस साल पुरानी मजार को शांतिपूर्ण तरीके से ध्वस्त कर दिया। पिछले महीने वन विभाग ने मजार को हटाने के संबंध में नोटिस जारी किया था। आरक्षित वन भूमि पर बनी अवैध धार्मिक स्थलों को धवस्त करने का अभियान इन दिनों प्रदेश में चल रहा है। टिहरी रेंज के रेंज अधिकारी आशीष डिमरी ने बताया कि चंद्रबदनी क्षेत्र के दखोली गांव के पास जंगल में लगभग बीस साल पहले अवैध रूप से एक मजार बनाई गई थी।

# मां जगदीशिला डोली यात्रा का श्रीनगर पहुंचने पर भव्य स्वागत

## उत्तराखंड में हों हजार धामों की स्थापनाः नैथानी

श्रीनगर गढ़वाल। 24वीं भगवान विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली यात्रा का श्रीनगर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया किया गया। इस दौरान लोगों ने भगवान विश्वनाथ एवं मां जगदीशिला के जयकारे लगाए। यात्रा का रात्रि पड़ाव कमलेश्वर मंदिर में रहा। रविवार को सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु कमलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान विश्वनाथ मां जगदीशिला का आशीर्वाद लेने पहुंचे। कुमाऊं मंडल के भ्रमण से श्रीनगर के कमलेश्वर महादेव मंदिर में रात्रि विश्राम के लिए पहुंची डोली रथ यात्रा के संयोजक पूर्व शिक्षा मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 24वीं डोली रथयात्रा इस बार उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों के भ्रमण के साथ–साथ प्रदेश के चारों धामों का दौरा करेगी। उन्होंने कहा कि डोली रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति स्थापना के साथ विश्व कल्याण और उत्तराखंड में हजार धामों की स्थापना करना है। कहा उत्तराखंड में कई धार्मिक स्थल ऐसे हैं जो सिद्धपीठ होने के साथ ही प्रचार–प्रसार से दूर हैं। इसके लिए इन्हें धामों के रूप में स्थापित करना जरूरी है। साथ ही यात्रा का उद्देश्य प्रदेश में तीर्थाटन एवं पर्यटन स्थल विकसित करना है। कहा यात्रा का समापन गंगा दशहरा के दिन टिहरी के घनसाली ब्लाक के हिन्दाव पट्टी के विशोन पर्वत पर समारोहपूर्वक होगा। इसमें हज़ारों भक्त मां जगदीशिला डोली का विसर्जन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष रुप सिंह बजियाला, एलपी नैथाणी, कुंवर सिंह राणा, रघुवीर सिंह नेगी पश्वा जगदी, हुकम सिंह कैंतुरा, उदयराम चमोली, डोली वाहक मनोज राणा, परमवीर सिंह पवार, भगवान सिंह चौहान, महावीर सिंह राणा, श्यामलाल और धनी लाल आदि उपस्थित रहे। यात्रा विश्राम की व्यवस्थाओं में बीरेंद्र सिंह नेगी, लाल सिंह नेगी, प्रो. बीपी नैथानी, कांग्रेस कीर्तिनगर ब्लाक अध्यक्ष रघुवीर सिंह भण्डारी, जिलाध्यक्ष उत्तम असवाल, आशीष पंवार, अमित नेगी, अवतार सिंह नेगी, बीरेंद्र सिंह राणा, डा.गांधी चौहान, लक्ष्मी प्रसाद भट्ट, कमलेश्वर मन्दिर के महन्त श्री आशुतोष जी महाराज 108 आदि ने सहयोग दिया।

## मातृ दिवस पर आरती उतारकर किया माताओं का सम्मान

श्रीनगर गढ़वाल। सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीनगर में मातृ दिवस पर मातृ सम्मान व अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस मौके पर अभिभावक माताओं को तिलक लगाकर और उनकी आरती उतारकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक भगवान प्रसाद घिल्डियाल ने कहा कि नई पीढ़ी का रूझान पाश्चात्य संस्कृति की ओर ज्यादा है जो चिंता का विषय है। उन्होंने अभिभावकों से अपने पाल्यों को संस्कारित बनाने व अपनी संस्कृति से जोड़े रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश चंद्र मैठाणी कमजोर छात्रों के विकास के लिए विद्यालय में अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन किया जा रहा हैं।

# कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल सोमेश्वर की बैठक में शिक्षक अभिभावक संघ का हुआ गठन



अल्मोड़ा। कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल टाना सोमेश्वर में शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक आयोजित की गई। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एमबी भट्ट की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में छात्र छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने उनका समग्र विकास करने तथा विद्यालय से जुड़ी अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य शीला लटवाल ने विद्यालय तथा विद्यार्थियों के विकास हेतु आवश्यक सुझाव भी दिए। जबकि छात्रों द्वारा मार्च पास्ट तथा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा विद्यार्थियों का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद शिक्षक अभिभावक संघ का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुनीता जोशी, उपाध्यक्ष भगवान जोशी को बनाया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि राम चंद्र पांडे, सुनीता जोशी, पूर्व पीटीए अध्यक्ष शिव सिंह भोजक आदि मौजूद रहे।

## कर्नाटक जीत पर कांग्रेसियों ने लमगड़ा में मनाया जश्न

अल्मोड़ा। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत पर कांग्रेसियों में खुशी की लहर है। रविवार को जागेश्वर विस के लमगड़ा बाजार चौराहे में कांग्रेसियों ने आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई और बेरोजगारी ने जनता की परेशानी बढ़ा दी है। कहा कि अब जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से परेशान हो चुकी है। जिसका नतीजा कर्नाटक चुनावों में देखने को मिला। कहा कि कर्नाटक जीत पार्टी के लिए आने वाले समय में शुभसंकेत है। यहां ब्लॉक कांग्रेस क्षेत्र अध्यक्ष मनोज रावत, जिला महामंत्री दीवान सतवाल, पूरन पांडे, रमेश बिष्ट, दीपक फर्त्याल, मुकेश पांडे, महेंद्र रावत, पुष्कर फर्त्याल, बची बिष्ट, प्रेम, दीपक, सचिन बिष्ट, चंदन बिष्ट, प्रमोद बोरा, देवी दत्त पांडे, गोपाल रावत, गोपाल राम आदि मौजूद रहे।

# तहसील मार्ग पर फिर गहराया पानी का संकट



बागेश्वर। जिले में गर्मी बढ़ते ही पानी का संकट भी गहराने लगा है। सबसे अधिक परेशानी तहसील मार्ग पर हो रही है। यहां कभी एक तो कभी दो दिन बाद पानी मिल रहा है। इससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। तहसील मार्ग के ही एक उपभोक्ता ने जल संस्थान के खिलाफ न्यायालय में वाद दायर करने की चेतावनी तक डे डाली है। मालूम हो कि नगर में रोजाना पांच एमएलडी पानी की जरूरत होती है, लेकिन विभाग ढाई एमएलडी पानी की आपूर्ति कर रहा है। इस कारण मंडलसेरा, तहसील मार्ग, नदीगांव आदि क्षेत्र में पानी का संकट गहरा गया है। लोग सुबह से पानी के लिए परेशान हैं। हैंडपंपों, श्रीनौला व मांग के धारे से पानी ढोकर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर है। सबसे अधिक परेशानी तहसील मार्ग पर हो रही है। जहां कभी एक तो कभी दो दिन बाद पानी की आपूर्ति हो रही है। आपूर्ति समय सीमा को भी घटा दिया, इस कारण लोग छतों में लगे टंकियों को नहीं भर पा रहे हैं। पानी के अभाव में भी टंकियां खराब होने के कगार पर पहुंच गए हैं। उपभोक्ता अधिवक्ता गोविंद भंडारी ने जल संस्थान के खिलाफ कड़ी नाराजी जताई है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि तीन दिन के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं आया तो वह विभाग के खिलाफ न्यायालय में वाद दायर करेंगे।

# द्वाराहाट के लोगों ने पानी के लिए आज एनएच जाम करने दी चेतावनी

अल्मोड़ा। तहसील के कई गांवों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। विभागीय अफसर ग्रामीणों को पानी देने में असमर्थ हैं।

पानी की समस्या को लेकर शनिवार को बूगां–ऊंचाकोट गांव की महिलाओं ने जल संस्थान कार्यालय का घेराव किया था। आज यानी सोमवार को ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग में चक्का जाम की चेतावनी दी है। ग्राम प्रधान अनीता देवी, बीना चौधरी आदि ने बताया कि गांव में रविवार को भी पानी नहीं आया। न ही विभाग कोई वैकल्पिक व्यवस्था करने में सफल हो पाया है। अफसरों ने कहा था कि टैंकर के माध्यम से पानी दिया जाएगा। लेकिन विभागीय अधिकारियों ने बताया कि टैंकर के पाइप के फट जाने से रविवार को टैंकर से पानी नहीं दे पाए। मंगलवार को गांव में पानी मुहैया कराया जायेगा। अवर सहायक अभियंता सुरेंद्र सिंह रौतेला ने बताया खीरो घाटी पंपिंग पेयजल योजना से गांव को पानी मुहैया कराया जा रहा है। जबकि दूसरी वाली योजना वर्षों पुरानी है। पाइप लाइन खराब है। इसलिए उसमें बार–बार दिक्कत आती है। गांव वालों को हर हाल में पानी उपलब्ध कराया जायेगा। विभागीय कर्मचारी भी गांव में कार्य कर रहे हैं।

## पुलिस ने 16 वाहनों का चालान काटा, एक बाइक सीज

बागेश्वर। बैजनाथ पुलिस का चैकिंग अभियान लगातार जारी है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने एक बाइक सीज कर दी। 16 वाहनों के चालान काट दिए। 6550 रुपए संयोजन शुल्क वसूला गया। इससे लापरवाह वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। बैजनाथ के थानाध्यक्ष कुंदन रौतेला ने बताया कि एमवी एक्ट में बारह चालान कर छह हजार रुपए जुर्माना वसूला। 81 पुलिस एक्ट में एक चालान कर दो सौ पचास रुपए, कोटपा एक्ट में तीन चालान कर तीन सौ रुपए संयोजन शुल्क वसूला गया। इसके अलावा बिना डीएल के खतरनाक तरीके से चल रही एक बाइक को सीज कर दिया गया।

## लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई हो

पिथौरागढ़। जिला पंचायत के पूर्व सदस्य जगदीश कुमार ने गंगोलीहाट हत्याकांड मामले में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। जगदीश का कहना है कि घटना से दो दिन पूर्व पीड़ित परिवार ने राजस्व पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। जिसमें उन्होंने आरोपी से जान का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। बावजूद इसके राजस्व पुलिस ने उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया, जिसका खामियाजा चार लोगों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। उन्होंने प्रशासन से जिम्मेदार कर्मियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत



बागेश्वर। अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जिले में आए एनएसयूआई अध्यक्ष विकास नेगी का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। नेगी ने सभी का आभार जताया। कहा कि प्रदेश कमेटी के साथ ही सभी जिलों के अध्यक्षों की नियुक्ति जल्द होगी। इसकी को लेकर जिले में रायशुमारी की गई। बागेश्वर में जल्द विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव होना है। इसमें युवाओं की भूमिका अहम होगी। रविवार को पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नेगी ने कहा कि भाजपा सरकार से अब लोगों का मोहभंग होने लगा है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव ने यह संकेत दे दिया है।

झूठ के बल पर भाजपा अब आगे की लड़ाई नहीं लड़ सकती है। जनता को अब सिर्फ कांग्रेस पर भरोसा है। इसके लिए एनएसयूआई की भूमिका अहम होगी। नेगी ने कहा कि बागेश्वर में होने वाले उपचुनाव में भी कांग्रेस मजबूती से लड़ेगी। इस बार भाजपा के पास नया तो उनके पास अनुभवी नेता होगा। इसका लाभ उन्हें मिलेगा। सभी कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें। पूर्व जिलाध्यक्ष कवि जोशी ने कहा कि संगठन पूरी तरह से मजबूत है और इस वर्ष बागेश्वर जिले के सभी कॉलेज में अपने प्रत्याशी लड़ाए जाएंगे और वह विजयी भी रहेंगे। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, देवेंद्र परिहार, गोकुल परिहार, गोपा धपोला, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस, रणजीत दास, सुनील पांडे, दर्शन जोशी, रोहित खैर, संजय जोशी, रिजवान खान, खालिद हुसैन, अनवर, फिरोज खान, ललित गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# फैक्टरी से पार्ट्स चोरी करने के आरोप में पकड़ा



रुद्रपुर। वोल्टास कंपनी से एसी के पार्ट फ्लेयर नट्स के दो पैकेज चुराकर ले जाने के आरोप में मैन पॉवर सप्लाई करने वाली एजेंसी के सुपरवाइजर ने एक युवक को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से नट्स के दो पैकेट मिले। सुपरवाइजर का आरोप है कि पूछताछ में उसने बताया कि वह पीतल के नट्स उसने बेचने के लिए चोरी किए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। फुलसुंगा तीनपानी डाम निवासी सुनील मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह वोल्टास कंपनी में मैन पॉवर सप्लाई करने वाली के मिहार नामक एजेंसी का फील्ड आफिसर है। बीते शनिवार को शाम करीब 5.15 बजे वह अपने सुपरवाइजर के साथ वोल्टास कंपनी में शिफ्ट छूटने के समय गेट संख्या दो के पास गार्ड प्रकाश व सुभाष चंद के साथ खड़ा था। इसी दौरान शर्ट के अंदर कुछ सामान रखकर बाहर जा रहे एक युवक को चेकिंग के लिए रोका तो वह पीछे मुड़कर भागने लगा और लड़खड़ाकर जमीन पर गिर गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सूरज राय निवासी आजाद नगर वार्ड नंबर दो निकट ब्रिलियंट एकेडमी स्कूल ट्रांजिट कैंप बताया। आरोप है कि तलाशी में उसकी शर्ट के अंदर से एसी के पार्ट फ्लेयर नट्स के दो पैकेट मिले। यह नट पीतल के होते हैं, जो महंगे होते हैं। उसने बताया कि वह इन्हें कंपनी के अंदर से चोरी करके लाया है। इन्हें बाहर कबाड़ी को बेचकर कुछ पैसे कमा लेता। एसओ पंतनगर राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि युवक के खिलाफ चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# स्वास्थ्य शिविर में 165 लोगों की हुई जांच

पिथौरागढ़। विकासखंड के टांगा स्थित राजकीय जूनियर हाईस्कूल दानीबगड़ में स्वास्थ्य विभाग ने शिविर का आयोजन किया। रविवार को टीम गांव पहुंची। इस दौरान डॉ. निर्भय रावत, महिला चिकित्सक डॉ. ज्योति आर्या, प्रमोद कुमार टम्टा ने 165 रोगियों का बारी–बारी से स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की। शिविर में लोगों की आंखों की जांच भी हुई। चिकित्सकों ने तीन लोगों को ऑपरेशन के लिए हायर सेंटर जाने की सलाह दी है। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया का कहना है कि महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की मांग पर गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। उन्होंने कहा कि 26 साल के अंतराल के बाद गांव में शिविर लगा है। उन्होंने विभाग से समय–समय पर गांवों में शिविर लगाने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। शिविर के सफल संचालन में फार्मासिस्ट जितेन्द्र सिंह धर्मशक्तू, सीएचओ चित्रा चंद, एएनएम रेनू बाला, ब्लॉक समन्वयक गंभीर सिंह मेहता, आशा फेशिलेटर दीपा लस्पाल, आशा कार्यकत्री मंजू देवी, कलावती देवी, ग्राम प्रधान सुनीता देवी, प्रधानाध्यापक बलवंत राम, कमला देवी, गोविंद सिंह, सुंदर सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# कांग्रेस ने कर्नाटक जीत पर मनाई खुशी



पिथौरागढ़। सिल्थाम में पूर्व राज्य मंत्री महेंद्र लुंठी जी के नेतृत्व में कर्नाटक की ऐतिहासिक स्पष्ट जनादेश की जीत पर कांग्रेसजनों ने मिष्ठान वितरण एंव आतिशबाजी कर खुशी जताई। कांग्रेस नेता लुंठी ने कहा कि कर्नाटक की जीत ने बंटवारे की राजनीति को नकार दिया है।

झूठ, छल, प्रपंच, जुमलेबाजी, धर्मांधता की राजनीति का पतन का समय आ गया है। अब जनता फिर से कांग्रेस को ताज सौंपकर, जन हित के मुद्दों को हल करना चाहती है। इस दौरान मनोज ओझा,भुवन जोशी,नैन सिंह बोरा होशियार लुंठी,सुरेश प्रसाद, सुभाष पांडेय मौजूद रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा की हुई बैठक



पिथौरागढ़। भाजपा कार्यालय में किसान मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों को घर–घर बताने का संकल्प लिया। रविवार को नगर के खड़कोट स्थित पार्टी कार्यालय में किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष जीवन कापडी के अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि किसानों को समृद्ध व खुशहाल बनाने में केंद्र व राज्य सरकार कई नीतियां लागू कर रही है। सहकारी बैंक के अध्यक्ष मनोज सामंत ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब व्यक्ति के लिए समर्पित है। सरकार हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजना लागू कर रही है। अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम में जिला प्रभारी राजेंद्र परिहार,जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोरा, नगर पालिकाध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत, जिला उपाध्यक्ष गेहराज पाण्डे ने बैठक में अपनी बात रखी। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान दीपक चुफाल, मुन्ना सिंह धामी, भरत सिंह, रमेश पाण्डे, दीपा तिवारी, प्रयाग पाण्डे, कृष्ण मणि भट्ट, खीम सिंह, फकीर सिंह,केशव भंडारी, चंद्रशेखर पाटनी, उमेद सिंह धामी मौजूद रहे।

## आज से बनेंगे गरुड़ में प्रमाण पत्र

बागेश्वर। तहसील क्षेत्र गरुड़ के स्कूलों में 15 मई से बच्चों के प्रमाण पत्र बनाए जायेंगे। इस संबंध में उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडे ने बैठक पर सीएससी संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

तहसील सभागार गरुड़ में एसडीएम राजकुमार पांडे ने सीएससी संचालकों के साथ बैठक की।

बैठक में सभी संचालकों को गरुड़ क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत हाईस्कूल व इंटर के बच्चों के प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए। बैठक में स्थाई निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, ईडब्लूएस आदि प्रमाण पत्रों के संबंध में चर्चा की गई।

# हादसे रोकने को जिले में रिफ्लेक्टर टेपिंग को चलाया चेकिंग अभियान



रुद्रपुर। रिफ्लेक्टर टेपिंग के बिना चल रहे वाहनों के खिलाफ ऊधमसिंह नगर जिला पुलिस ने सात दिन का सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना रिफ्लेक्टर टेपिंग के वाहनों का प्रयोग करने पर 490 का चालान किया गया। साथ ही 504 वाहनों में रिफ्लेक्टर टेपिंग कराई गई। जनपद में अधिकांश मालवाहन वाहनों में रिफ्लेक्टर टेपिंग का प्रयोग नहीं किया जा रहा है।

इससे सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर रिफ्लेक्टर टेपिंग के लिए 3 मई से 7 दिन का विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान जिले में बिना रिफ्लेक्टर के चल रहे कुल 490 वाहनों का चालान किया गया। वहीं कुल 504 वाहनों में रिफ्लेक्टर टेपिंग कराई गई। एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के ने बताया कि जिले में बिना रिफ्लेक्टर के संचालित वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने जिले में संचालित सभी वाहन चालकों से रिफ्लेक्टर टेपिंग का प्रयोग करने की अपील की है।

# धनराशि लेकर आभूषण न बनाने का आरोप

पिथौरागढ़। जाख की एक महिला ने एक स्वर्ण कारोबारी पर धनराशि लेकर आभूषण न बनाने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त व्यापारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जाख निवासी नेहा भट्ट ने बीते रोज कोतवाली में तहरीर दी है।

महिला का कहना है कि उनके गांव में हेमू वर्मा नामक एक व्यक्ति सुनार की दुकान का चलाता है। बीते तीन मार्च को उन्होंने उक्त व्यापारी को आभूषण बनाने के लिए 40हजार रुपये दिए। तब व्यापारी ने चार से पांच दिन के भीतर आभूषण बनाकर देने की बात कही, लेकिन महिला का आरोप है कि व्यापारी ने आभूषण अब तक बनाकर नहीं दिए हैं और न ही अब धनराशि वापस कर रहा है। नेहा का कहना है कि व्यापारी ने गांव की अन्य महिलाओं के साथ भी आभूषण बनाने के नाम पर धनराशि ली है। इसके अलावा एक महिला का गिरवी रखा सोना भी व्यापारी वापस नहीं कर रहा है। इधर कोतवाल मोहन पांडे का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## खस्ताहाल हो गए जनपद के कई मोटर मार्ग

बागेश्वर। जनपद के बागेश्वर– पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग समेत कई मोटर मार्ग कुछ स्थानों में दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। सड़क में डामर उखड़ने से गड्ढों में बने लोहे के जाल दिख रहे हैं जो कि वाहनों के लिए दुर्घटना का कारण बने हुए हैं। इसके अलावा गत माह हुए बागेश्वर–जौलकांडे मोटर मार्ग के डामर की परत उखड़ने लगी है। बागेश्वर से पिथौरागढ़ की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग में घिंघारतोला के समीप कलमठ की उपरी सतह का डामर व सिमेंट निकलने से वहां पर गड्ढा सा बन गया है। इससे मार्ग में चलने वाले दोपहिया व छोटे वाहनों को खतरा बना हुआ है। इस मार्ग में रात को भी वाहन चलते हैं यदि कभी कोई वाहन इसके उपर से अनजाने में गुजरा तो दुर्घटना होना तय है।

## रम्पुरा वार्ड 24 के कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष बने पप्पू कोली

रुद्रपुर। महानगर कांग्रेस कमेटी शहर में वार्ड कमेटियों के गठन के तहत वार्ड संख्या– 24 रम्पुरा में हुए एक कार्यक्रम में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने सर्वसम्मति से वार्ड अध्यक्ष के लिए पप्पू कोली के नाम की घोषणा की। जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा और महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा के साथ ही वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गोपाल भसीन का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान अध्यक्ष विरेन्द्र कोली, बनारसी दास, वासुदेव कोली, भूपेंद्र ठाकुर, रमेश कोली, जागन लाल, विपिन कोली, यादो देवी, सरबती देवी, हरदेई देवी, रूपन देवी, बाबू कोली, चमेली देवी, विद्या देवी आदि रहे।

# कर्नाटक जीत पर मिष्ठान वितरित कर कांग्रेस ने खुशी मनाई



पिथौरागढ़। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस को जीत मिलने से कार्यकर्ता गदगद हैं। जिला मुख्यालय से लेकर बेरीनाग तक कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और मिष्ठान वितरित कर कांग्रेस की जीत की खुशी मनाई। रविवार को नगर के विण स्थित विधायक मयूख महर के आवास में कार्यकर्ता एकत्र हुए। इस दौरान विधायक महर ने कहा कि कर्नाटक की जीत आम जनता की जीत है। धर्म के नाम पर भाजपा कर्नाटक का चुनाव जीतने जुटी थी। वहां के लोगों ने धर्म के बंटवारे की राजनीति को जनता ने नकार दिया है। बाद में कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाई। यहां राष्ट्रीय सचिव ऋषेंद्र महर, भुवन पांडे, महेश मखौलिया, विनोद वल्दिया, संतोष गोस्वामी, आनंद धामी मौजूद रहे। इधर सिल्थाम में भी कांग्रेसियों ने आतिशबाजी की। पूर्व दर्जा राज्यमंत्री महेंद्र लुंठी ने कहा कि कर्नाटक की जनता ने जुमलेबाजी सरकार को नकार दिया है। भाजपा सरकार के खोखले वादे अब ज्यादा चलने वाले नहीं है। झूठ, छल, प्रपंच, धर्म की राजनीति का पतन का समय आ गया है।

यहां मनोज ओझा, भुवन जोशी,नैन सिंह बोरा, होशियार लुंठी, सुरेश प्रसाद, सुभाष पांडेय, त्रिभुवन चुफाल, सोनू जोशी, जितेंद्र जोशी, रहीम कुरैशी, राहुल लुंठी, अनिल माहरा, चंद्रशेखर मखौलिया, शेरी राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सीमैप शोध केंद्र पुरारा ने मनाया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

बागेश्वर। सीमैप शोध केंद्र पुरारा में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस को सेलिब्रेट करने हेतु संस्थान को सभी विद्यार्थियों के भ्रमण के लिए ओपन डे रखा गया था। इसका उद्देश्य छात्र–छात्राओं को सीमैप से जुड़ी विभिन्न तकनीकी एवं उनके अनुप्रयोगों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज खुनोली के इंटरमीडिएट के विज्ञान वर्ग के कुल 70 बच्चों एवं चार अध्यापकों के दल ने सीमैप शोध केंद्र पुरारा में भ्रमण किया।

# युवा मोर्चा की नवगठित कार्यकारिणी का स्वागत किया



रुड़की। भाजपा युवा मोर्चा की नवगठित कार्यकारिणी का स्वागत जिलाध्यक्ष के कार्यालय पर किया गया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष गौरव कौशिक ने पश्चिमी व पूर्वी मंडल युवा मोर्चा की नवगठित कार्यकारिणी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मोर्चा के पश्चिमी व पूर्वी मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारी पार्टी हित में कार्य करेंगे और पार्टी को मजबूती देने का काम करेंगे। पश्चिमी मंडल अध्यक्ष संजीव तोमर ने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच पहुंचने को कहा। युवा मोर्चा के पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कुशर्ग गर्ग, पूर्वी मंडल अध्यक्ष शुभम सैनी की नवगठित कार्यकारिणी टीम का स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्वी मंडल उपाध्यक्ष अभिनव चौधरी, शुभम सैनी,अभिषेक शर्मा,महामंत्री अभय पुंडीर,रवि पाल,मंत्री तरुण पुंडीर,रिशु मित्तल,दीपक सैनी कोषाध्यक्ष अंकित कुमार,सोशल मीडिया प्रभारी आयुष्मान धीमान, गोपाल कटारिया, राजन सैनी, अमरीश कांबोज, विवेक सैनी, करन सम्भालिया, प्रशांत राणा, आदित्य शर्मा, नितीश तोमर, आदित्य सैनी, अभय कौशिक, वंश गुप्ता, कार्तिक सैनी, अभिषेक चौधरी, सत्यम पाहुजा, हिमांशु नौटियाल, अनिकेत गर्ग, आयुष वर्मा, हर्ष पाल, हर्ष वर्धन आदि मौजूद रहे।

### डोईवाला विधायक ने टिहरी में कार्यकर्ताओं से बातचीत की

नई टिहरी। डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला के नई टिहरी पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। शादी समारोह में नई टिहरी पहुंचे डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला ने पार्टी दफ्तर में पहुंचकर कार्यकर्ताओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच पुल की भूमिका निभाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एक जुटता के साथ पार्टी हित में कार्य करने को कहा। इससे पूर्व विधायक बृजभूषण सपरिवार सिद्धपीठ सूरी मंदिर में पहुंचे। मंदिर में उन्होंने पूजा अर्चना कर मानव जाति और प्रदेश के कल्याण की कामना की।

# राज्य आंदोलनकारी मंच ने सुशीला बलूनी को दी श्रद्धांजलि

देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच ने वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी मातृ शक्ति रही स्व. सुशीला बलूनी की आत्मा शांति की प्रार्थना के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। कचहरी स्थित शहीद स्मारक में हुई श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता राज्य आंदोलन में उनकी सहयोगी रही पुष्पलता सिलमाना ने की, संचालन प्रदेश प्रवक्ता व जिला अध्यक्ष प्रदीप कुकरेती ने किया। ब्रिगेडियर केजी बहल, जगमोहन मेंहदीरत्ता, रविन्द्र जुगरान ने उस दौर में अपने अनुभवों में बताया कि किस प्रकार सुशील बलूनी कार्यालय बन्द करवाने से लेकर समर्थन जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थी। जगमोहन सिंह नेगी, ओमी उनियाल ने कहा कि प्रथम दिन से लेकर अपने अंतिम दिनों तक राज्य के प्रति संघर्षशील रही। रामेश्वरी बड़थ्वाल, मुन्नी खंडूड़ी, सरिता गौड़, प्रदीप कुकरेती, रामलाल खंडूड़ी, जयदीप सकलानी ने कहा कि उन्होंने कभी छोटे बड़े या जाति धर्म का भेद नहीं किया। उन्होंने स्व. सुशीला बलूनी को राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंतिम यात्रा की पहल करने पर राज्य सरकार का आभार जताया। मौके पर अशोक वर्मा, देवी गोदियाल, जबर सिंह पावेल, सुरेश नेगी, पूरण सिंह लिंगवाल, केशव उनियाल, आचार्य श्रीत सुंद्रियाल, आरिफ खान, द्वारिका बिष्ट, सुलोचना भट्ट, अरुणा थपलियाल, गुरदीप कौर, सरिता गौड़, ललित जोशी, नरेन्द्र नोटियाल, नरेश नेगी, चन्द्र किरण राणा, सुमित थापा, गौरव खंडूड़ी, पुष्कर राज बहुगुणा, प्रभात डंडरियाल, सतीश धोलाखंडी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने सीज किए तीन पीकअप

देहरादून। अवैध खनन ढोने में कार्रवाई करते हुए प्रेमनगर थाना पुलिस ने तीन पीकअप वाहन सीज किए हैं। थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि शनिवार आधी रात को क्षेत्र की नदियों में खनन वाहन जाने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की।

# तहसीलदार के खिलाफ प्रधानों ने भरी हुंकार, डीएम व सीएम से करेंगे शिकायत

हरिद्वार। पथरी व भोगपुर के ग्राम प्रधानों ने शिकायत करने के बाद भी खनन माफियाओं पर कार्रवाई नहीं करने तथा शिकायतकर्ता प्रधान को ही कार्रवाई की धमकी देने के मामले में प्रधानों ने हुंकार भर ली है। प्रधानों ने शाहपुर में बैठक कर तहसीलदार की शिकायत जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री से करने का निर्णय लिया है। इस दौरान उन्होंने तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी की। मामला अवैध खनन से जुड़ा है। तीन दिन पूर्व कुछ खनन माफिया ग्राम समाज की भूमि पर अवैध खनन करने में लगे थे। ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना तहसीलदार को दी। आरोप है कि शिकायत के बाद भी तहसीलदार की टीम मौके पर नहीं पहुंची। आरोप है कि टीम लोकेशन के इधर उधर भटकती रही। लेकिन जान बुझकर टीम मौके पर नहीं पहुंची। शिकायकर्ता ने जब दोबारा तहसीलदार को फोन किया तो आरोप है कि उसने शिकायतकर्ता को ही पुलिस कार्रवाई की धमकी देने लगा। तहसीलदार द्वारा ग्राम प्रधान को दी गई धमकी का ऑडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। तहसीलदार के रवैये से नाराज ग्राम प्रधानों ने रविवार को एकत्रित होकर तहसीलदार के खिलाफ रणनीति बनाई। मामले में जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री से शिकायत की सहमति बनाई। इस दौरान ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधियों ने तहसीलदार के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी भी की। इस दौरान अनिल कुमार सैनी, मीनू सैनी, अमित सैनी, संतोष देवी, अभिषेक कुमार, गुरु वीर सिंह, शिवानी चौहान, नेत्रपाल, डिंपल देवी, लाखन सिंह, पारुल, सचिन कुमार, पूजा देवी, पंकज चौहान, मनीष, दीपक सैनी, राजेश वर्मा, गुलनाज, साजिद अली, गजाला, जाफिर हसन आदि मौजूद रहे।

### आरटीई आवेदन का पोर्टल नहीं खुलने से दिक्कत

देहरादून। शिक्षा का अधिकार (आरटीई) की आवेदन की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है, लेकिन ऑनलाइन आवेदन करने में परेशानी आ रही है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद आशिक ने इसकी शिकायत सीएम पोर्टल पर की है। इसमें बताया कि छात्रों के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए पोर्टल 13 मई को खोला जाना था। परन्तु 13 मई को रात तक आरटीई की वेबसाइट नहीं खुली। रविवार को भी समस्या आई। इससे हजारों अभिभावक परेशान हुए। उन्होंने ऑनलाइन व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई।

# धर्मपुर में कांग्रेसियों ने कर्नाटक में जीत का जश्न मनाया



देहरादून। कर्नाटक की प्रचंड जीत पर उत्साहित कांग्रेसियों ने नेहरू कॉलोनी में रैली निकालकर मिठाई वितरित की। धर्मपुर वार्ड के पार्षद अमित भंडारी के नेतृत्व में रैली निकाली गई। पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट ने कहा कि कर्नाटक के चुनाव ने भाजपा को आईना दिखाया है। कांग्रेस को लगातार जन समर्थन मिल रहा है। पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर भाजपा चुप है। यही कारण है कि कर्नाटक के चुनाव में वहां की जनता ने भाजपा को सबक सीखकर कांग्रेस के हाथों में जीत दी है। इस मौके पर पार्षद सचिन थापा, विजय गुप्ता, रिपूदमन सिंह, राम सिंह बिष्ट, राधे श्याम त्यागी, पुष्पा रतुड़ी, गीता रावत, नीलम जुनेजा, नीलम सक्सेना, हर्षिता भंडारी, दीपक खंडूड़ी, समीर मलिक, मुकेश रेगमी, टीटू त्यागी आदि मौजूद रहे।

# पेंशन रथ यात्रा से पुरानी पेंशन बहाली को दबाव बनाएंगे कर्मचारी

देहरादून। पुरानी पेंशन बहाली को राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन देश भर में पेंशन रथ यात्रा निकालेगा। उत्तराखंड में भी इस यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। संगठन ने देश भर की सभी सरकारों को हिमाचल और कर्नाटक के चुनाव नतीजों से सबक लेने की नसीहत दी। कहा कि जो भी पार्टी पुरानी पेंशन बहाली का समर्थन करेगी, चुनाव में उसी को लाभ मिलेगा। संगठन की प्रांतीय कार्यकारिणी की धर्मपुर हुई बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली एक जून से चम्पारण बिहार से पेंशन रथ यात्रा शुरू होने जा रही है। इस रथ यात्रा का उत्तराखंड में भी जोर शोर से स्वागत किया जाएगा। बड़ी संख्या में कर्मचारी इसमें भाग लेंगे। कहा कि अब कर्नाटक राज्य में भी पुरानी पेंशन बहाली को सफलता मिलेगी। इसके साथ ही जल्द पूरे देश में पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल होगी। कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश के कर्मचारी शिक्षकों ने स्पष्ट कर दिया कि हम अपने मुद्दों के लिए सरकार को भी बदल सकते हैं। बैठक में प्रांतीय महामंत्री मुकेश रतूड़ी, प्रांतीय प्रचार मंत्री हर्षवर्धन जमलोकी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष शांतुन शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह रावत, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगमोहन रावत, सूर्य सिंह पंवार, दिशांत सिंह, अरविंद कुमार, राजीव मिश्रा, पंकज मिश्रा, अशोक मिश्रा, प्रशांत सिंह, अरुण सिंह, सुशील सिंह, पुष्पेंद्र पंवार, कपिल कुमार, मनोज जोशी, तारकेश्वर यादव, पुष्कर राज बहुगुणा, उर्मिला द्विवेदी, रुचि पैन्यूली, संतोष गढ़वी, संजीव गुसाईं, अनुराग चौहान, हेमलता कजालिया, देवेन्द्र फर्स्वाण, विकास शर्मा, रश्मि त्यागी, डी के त्यागी, गोपाल क्षेत्री, जेबीएस रौथाण, यूएस राणा, एसपी जोशी, एमएम जैसल, सुखदेव सैनी, मनोज चंद, मोहन रावत, मुकेश आदित्य आदि मौजूद रहे।

एनएमओपीएस की मुहिम को गुरुटा ने भी अपना समर्थन दिया। गुरुटा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ रश्मि त्यागी रावत ने कहा कि कर्मचारियों को हर हाल में पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए। आंदोलन में संगठन के सदस्य, पदाधिकारी बढ़ चढ़ भाग लेंगे। जून में प्रस्तावित पेंशन रथ यात्रा की सफलता को भी हर संभव मदद की जाएगी।

### माणा गांव में सफाई स्वच्छता की जिम्मेदारी नगर पंचायत बदरीनाथ को

चमोली। बद्रीनाथ के निकट देश के पहले गांव माणा की साफ–सफाई का जिम्मा नगर पंचायत बदरीनाथ ने संभाली है। इससे पूर्व साफ–सफाई का कार्य ग्राम पंचायत माणा की ओर से किया जाता था। जिला प्रशासन ने नगर पंचायत बदरीनाथ को सफाई और वाहन पार्किंग का जिम्मा सौंपा है। जिसके बाद नगर पंचायत बदरीनाथ की ओर से माणा गांव के प्रवेश द्वार से लेकर भीम पुल तक सफाई का कार्य संभाला है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित ने बताया कि बदरीनाथ के साथ ही माणा गांव में भी साफ–सफाई की जिम्मेदारी नगर पंचायत को दी गई है। धाम से लेकर माणा गांव तक स्वच्छता पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## घनसाली में कांग्रेसियों ने मिष्ठान वितरण किया

नई टिहरी। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की धमाकेदार जीत पर घनसाली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मिठाई का वितरण कर खुशी जताई। बालगंगा और भिलंगना ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जसवीर नेगी तथा लक्ष्मी प्रसाद जोशी ने कहा कि कांग्रेस हाईकमान और कर्नाटक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत के बदौलत कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस को बड़ी जीत मिली है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अभार जताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी ही नहीं बल्कि विचारधारा भी है। इसी विचारधारा को सुदृढ बनाये रखने के लिये सभी कांग्रेसजनों को मिलकर मेहनत करनी होगी। कहा कि आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में सभी को मिलकर कर्नाटक की शैली के अनुरुप कार्य करने की आवश्यकता है। कर्नाटक चुनाव में जनता को बरगलाने और साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने वाली शक्तियों की हार हुई है। घनसाली के पूर्व विधायक बलबीर सिंह नेगी कहा कि जनता धीरे धीरे भाजपा की जन विरोधी नीतियों को समझ रही हैं। भविष्य में कांग्रेस के लिए इसके सुखद परिणाम सामने आएंगे।



## 2 जून को डीजी कार्यालय का घेराव करेगी एएनएम

देहरादून। एएनएम संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी का एक क्लब में सम्मेलन हुआ। इसमें प्रमोशन, भत्तों और ग्रेड पे के मुद्दे पर आक्रोश व्यक्त किया गया। अध्यक्ष गुड्डी मटुडा ने कहा कि अफसर उनकी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। कहा कि एक जून तक मांगों पर समाधान न हुआ तो दो जून को डीजी हेल्थ का कार्यालय पर तालाबंदी की जाएगी।

# श्रीनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी, खुशी मनाई

श्रीनगर गढ़वाल। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जबरदस्त जीत पर श्रीनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने ऐतिहासिक गोला बाजार में जोरदार आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की तथा एक दूसरे को जीत की बधाइयां देकर मिष्ठान वितरित किया। कर्नाटक जीत को लेकर नगर कांग्रेस अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल एवं पीसीसी सदस्य बीरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि यह जीत बढ़ती हुई महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और भाजपा के कुशासन के खिलाफ है। कहा कर्नाटक की समझदार जनता ने सभी विवादित मुद्दों को दरकिनार करते हुए कांग्रेस पार्टी पर भरोसा जताया। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष रघुवीर सिंह भण्डारी, संजय कुमार, विनोद मैठाणी, मीडिया प्रभारी लाल सिंह नेगी, वाईएस पंवार, नीटू मिश्रा, सुफियाना खान, जीत सिंह बिष्ट, राजेन्द्र रावत, सुमन आनन्द, भगत सिंह डागर, परवेज अहमद, बीरेंद्र सिंह राणा, शोभित जोशी, रामलाल नौटियाल,अक्तर अली, समीम अहमद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डॉ चिन्मय पण्ड्या को मिला ब्रिटिश पार्लियामेंट में भारत गौरव अवार्ड

हरिद्वार। विश्व की सबसे पुरानी माने जाने वाली ब्रिटीश पार्लियामेंट में गायत्री परिवार के युवा प्रतिनिधि एवं देव संस्कृति विवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या का सम्मान समारोह का शुभारंभ गायत्री महामंत्र से हुआ। इस अवसर पर गायत्री परिवार के भारतीय संस्कृति के साथ आध्यात्मिकता के विश्वभर में विस्तार के लिए डॉ. चिन्मय पण्ड्या को भारत गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह ब्रिटीश पार्लियामेंट के हाउस आफ कामन्स लंदन में आयोजित हुआ। डॉ. पण्ड्या इस सम्मान को अखिल विश्व गायत्री परिवार से जुड़े प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान बताया। कहा कि यह सम्मान मेरे सिर्फ अकेले का नहीं है। इस अभियान में जुटे सभी युवा, कार्यकर्ता भाई बहनों का है। इस अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं श्रद्धेया शैलदीदी के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे सांस्कृतिक उत्थान एव युवाओं के रचनात्मकता के क्षेत्र किये गये कार्यों को ब्रिटिश पार्लियामेंट ने खूब प्रशंसा की।

## पेटीएम में छेड़छाड़ कर की 55 हजार की ट्रांजेक्शन

हरिद्वार। एक युवती ने पेटीएम में छेड़छाड़ कर ट्रांजेक्शन करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली ज्वालापुर में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में नीलू मेहता निवासी वर्धमान टॉवर जुर्स कंट्री ने बताया कि उसके पेटीएम पोस्टपैड वैलेट अकाउंट से लगातार छेड़छाड़ की जा रही है। अब तक चार बार धोखाधड़ी की जा चुकी है। अलग अलग तिथि में 55 हजार रुपये की धोखाधड़ी करते हुए 55 हजार की ट्रांजेक्शन की गई है। आरोप है कि उसने यह ट्रांजेक्शन नहीं की है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।



## सम्पादकीय

### कांग्रेस को कर्नाटक की संजीवनी

कांग्रेस के लिए कर्नाटक विधानसभा चुनाव एक ऐसी संजीवनी बनकर सामने आया है जिसने लड़खड़ाते हुई कांग्रेस को भविष्य को सवारने की उम्मीदें दिखा दी है। जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पूरी ताकत कर्नाटक विधानसभा चुनावों में झोंक दी थी उससे यह स्पष्ट हो गया था कि भाजपा कहीं से भी इन चुनावों को हल्के में नहीं लेना चाहते। स्टार प्रचारक के तौर पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ताबड़तोड़ रोड शो और रैलिया करते नजर आए, लेकिन चुनाव परिणाम सामने आया तो स्पष्ट हो गया कि मोदी और शाह का जादू कर्नाटक की जमीन पर कारगर साबित नहीं हुआ। कर्नाटक विधानसभा के चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए खतरे की घंटी भी समझी जा रही है। भाजपा का प्रदर्शन कर्नाटक में उम्मीदों के अनुसार नहीं रहा लिहाजा अब यह भी माना जाने लगा है कि क्या 2024 के संसदीय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के लिए अपनी सत्ता की पारी को दोहराना बेहद मुश्किल होने जा रहा है? कर्नाटक विधानसभा चुनाव होने ना केवल कर्नाटक में ही बल्कि भाजपा शासित राज्यों में भी हलचल पैदा कर दी है जो अब तक मोदी और शाह के नाम पर सत्ता की चाबी लिए घूम रहे हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव ने यह भी साबित कर दिया है कि धर्म और जाति का डंका पीट कर वोट मिलने वाले नहीं है। स्थानीय मुद्दों की अनदेखी नहीं की जा सकती और केवल धार्मिक नारे लगाने या फिर उन्हें जबरन जनता पर थोप कर सत्ता तक पहुंचना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। निश्चित तौर पर कर्नाटक विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के लिए एक करारा झटका है और इन चुनावों ने भाजपा के खेमे को बुरी तरह से हिला कर रख दिया है। कर्नाटक की जीत उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव के भाजपा के प्रश्न पर भी पानी फेर दिया और तमाम मेयर पद की 17 की 17 सीटें जीतने के बाद भी जीत की व उमंग और लहर भाजपा संगठन में खुशी पैदा नहीं कर पाई। इस जीत ने कांग्रेस को एक मजबूती प्रदान की है और कहीं ना कहीं राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को भी चुनाव परिणामों के असर से जोड़कर देखा जा रहा है। कांग्रेस जीत के इस अभियान को अब आगे बढ़ाने की कोशिश करेगी और यदि संसदीय चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करना है तो कांग्रेस के पास पीछे मुड़कर देखने का समय नहीं है। वहीं भाजपा को भी अब यह तय कर लेना चाहिए कि क्या केवल धार्मिक नारों के आधार पर वह लोकसभा चुनाव में उतरेंगे या फिर मोदी और शाह के नाम का सहारा लेकर?

# कोरोना समाप्त हुआ लेकिन आगे क्या?

**अजीत द्विवेदी**



विश्व स्वास्थ्य संगठन, डब्लुएचओ ने कोविड–19 की महामारी को समाप्त हुआ मान लिया है। उसने ऐलान किया है कि अब कोविड–19 वैश्विक आपातकाल यानी ग्लोबल इमरजेंसी नहीं है। इसका मतलब है कि यह समाप्त हो गया है या इसे एक सामान्य बीमारी की तरह लिया जाए, जो मानवता के लिए खतरा नहीं है। कोई तीन साल पहले 2020 के शुरू में कई महीनों की टालमटोल के बाद डब्लुएचओ ने कोरोना की महामारी को वैश्विक आपातकाल घोषित किया था। उसके बाद पूरी दुनिया इस बीमारी से पार पाने के लिए संघर्ष करती रही। कोरोना को वैश्विक आपातकाल घोषित करने के एक साल बाद जनवरी 2021 में जब इसका ग्लोबल पीक था तब दुनिया में एक हफ्ते में एक लाख मौतें हो रही थीं, जो मई के शुरू में कम होकर चार हजार रह गईं। पिछले पांच महीने में यानी इस साल कोरोना के केसेज में 90 फीसदी की कमी आई है, जिसके बाद लोगों की मुश्किलें कम हुई हैं और अस्पतालों पर से भी दबाव लगभग पूरी तरह से समाप्त हो गया है। राजधानी दिल्ली और वित्तीय राजधानी मुंबई में चौथी लहर की आशंका देखते हुए कोविड वार्ड तैयार किए गए थे, लेकिन जिस तेजी से रोजाना के केसेज 10 हजार से ऊपर पहुंचे थे उसी तेजी से उनमें कमी आई और अब औसतन दो हजार के करीब केस रोज आ रहे हैं और जो मौतें हो रही हैं वह ऐसे लोगों की हो रही हैं, जो पहले से किसी दूसरी बीमारी से ग्रसित हैं।

पूरी दुनिया में कोरोना की स्थिति में सुधार आने के बाद डब्लुएचओ ने घोषित कर दिया कि यह अब वैश्विक आपातकाल नहीं है। लेकिन सवाल है कि पूरी दुनिया ने इससे क्या सबक लिया और आगे क्या होगा? क्या खुद डब्लुएचओ ने इससे कोई सबक लिया है? ध्यान रहे कोरोना महामारी की शुरुआत 2019 के अंत में हुई थी और इसलिए इसका नाम कोविड–19 रखा गया। ताइवान की सरकार ने नवंबर 2019 में आगाह किया था कि चीन से एक घातक वायरस निकला है, जो पूरी दुनिया को संकट में डाल सकता है। लेकिन डब्लुएचओ के अधिकारी कान में तेल डाल कर सोते रहे। उन्होंने इस पर ध्यान ही नहीं। चीन ने इस मामले को छिपाए रखा। उसने कोई सावधानी नहीं बरती और सारी दुनिया से कनेक्टेड रहा। चीन से दुनिया भर में उड़ानें जाती रहीं, जिससे कोरोना का वायरस दुनिया के कोने कोने में फैला। अगर डब्लुएचओ ने ताइवान की चेतावनी पर ध्यान दिया होता और चीन पर सख्ती करता तो 2019 के अंत में ही इसे दुनिया के दूसरे हिस्सों में फैलने से रोका जा सकता था।

लेकिन डब्लुएचओ ने 2020 के मार्च तक इसे अनदेखा किए रखा और तब तक सारी दुनिया में यह वायरस पहुंच गया। ध्यान रहे भारत में भी 30 जनवरी 2020 को जो पहला केस पकडा गया था वह चीन के वुहान से आए विमान के एक यात्री में ही मिला था। चीन को लेकर डब्लुएचओ की लापरवाही यही पर समाप्त नहीं होती है। कोरोना के सारी दुनिया में फैल जाने के बाद भी यह विश्व संस्था चीन की जांच कराने की सिर्फ बातें करती रही। डब्लुएचओ ने चीन की पूरी सख्ती और ईमानदारी से जांच नहीं कराई, जिससे निर्णायक रूप से यह पता चल सके कि यह वायरस प्राकृतिक था या लैब में तैयार किया गया था। दुनिया इस सवाल पर बंटी हुई है। ज्यादातर लोगों का मानना है कि वुहान के वायरोलॉजी लैब से कोरोना का वायरस निकला था और सारी दुनिया में फैला। चीन भले इस बात से इनकार करता रहा है लेकिन धारणा यही बनी है। डब्लुएचओ ने जांच की टीम भी भेजी लेकिन उनके निष्कर्षों पर लोगों को यकीन नहीं है। सो, इसकी उत्पत्ति का निर्णायक रूप से पता नहीं चला, बड़ी चिंता की बात है।

अगर कोरोना का वायरस प्राकृतिक रूप से बना था और किसी पशु से निकल कर इंसानों में फैला तो उसकी चिंताएं अलग हैं और उस स्थिति में बचाव के उपाय भी अलग करने होंगे। लेकिन अगर यह मैनमेड था यानी लैब में बना था, तब कि चिंताएं बिल्कुल अलग हो जाएंगी। अगर लैब में इस तरह का घातक वायरस तैयार किया जा रहा है तो इसका मतलब है कि पूरी मानवता का भविष्य किसी एक सनकी व्यक्ति के हाथ में है, जो जब चाहे तक ऐसे वायरस लीक करके दुनिया को संकट में डाल सकता है। मानवीय या तकनीकी भूल से भी अगर ऐसा वायरस फैल जाए तो पूरी दुनिया पर खतरा हो जाएगा। यह नए तरह के जैविक युद्ध की आहट है। दूसरी ओर अगर यह वायरस प्राकृतिक रूप से बना था तब इंसान और प्रकृति के संघर्ष को नए तरह से देखने की जरूरत पैदा होती है। ध्यान रहे पिछले कुछ समय से शहरीकरण की होड़ में जंगल काटे जा रहे हैं या शहर जंगल की सीमा में अंदर घुसते जा रहे हैं। इससे इंसान और जंगली जानवरों के बीच संघर्ष बढ़ रहा है। इसी तरह विशेषज्ञों का मानना है कि क्लाइमेट चेंज और ग्लोबल वार्मिंग की वजह से भी वन्य जीव समाप्त हो रहे हैं और इस वजह से अलग अलग प्रजातियों के बीच वायरस बनने और फैलने की आशंका बढ़ रही है। सो, यह जरूरी है कि डब्लुएचओ दुनिया भर के देशों को आगाह करे और उनके साथ मिल कर भविष्य की योजना बनाए ताकि से वायरस को बनने, बनाने और फैलने से रोका जाए।

**कोरोना के सारी दुनिया में फैल जाने के बाद भी यह विश्व संस्था चीन की जांच कराने की सिर्फ बातें करती रही। डब्लुएचओ ने चीन की पूरी सख्ती और ईमानदारी से जांच नहीं कराई, जिससे निर्णायक रूप से यह पता चल सके कि यह वायरस प्राकृतिक था या लैब में तैयार किया गया था। दुनिया इस सवाल पर बंटी हुई है। ज्यादातर लोगों का मानना है कि वुहान के वायरोलॉजी लैब से कोरोना का वायरस निकला था और सारी दुनिया में फैला। चीन भले इस बात से इनकार करता रहा है लेकिन धारणा यही बनी है। डब्लुएचओ ने जांच की टीम भी भेजी लेकिन उनके निष्कर्षों पर लोगों को यकीन नहीं है। सो, इसकी उत्पत्ति का निर्णायक रूप से पता नहीं चला, बड़ी चिंता की बात है।अगर कोरोना का वायरस प्राकृतिक रूप से बना था और किसी पशु से निकल कर इंसानों में फैला तो उसकी चिंताएं अलग हैं और उस स्थिति में बचाव के उपाय भी अलग करने होंगे। लेकिन अगर यह मैनमेड था यानी लैब में बना था, तब कि चिंताएं बिल्कुल अलग हो जाएंगी। अगर लैब में इस तरह का घातक वायरस तैयार किया जा रहा है तो इसका मतलब है कि पूरी मानवता का भविष्य किसी एक सनकी व्यक्ति के हाथ में है, जो जब चाहे तक ऐसे वायरस लीक करके दुनिया को संकट में डाल सकता है। मानवीय या तकनीकी भूल से भी अगर ऐसा वायरस फैल जाए तो पूरी दुनिया पर खतरा हो जाएगा।**

तीन साल के इस संकट का एक सबक यह भी है कि दुनिया के सभी देशों को, चाहे वह सबसे विकसित अमेरिका हो या भारत जैसा विकासशील देश हो, सबको स्वास्थ्य ढांचे को बेहतर बनाने के लिए काम करना होगा। यह हकीकत सारी दुनिया के सामने है कि अमेरिका और यूरोप में भी स्वास्थ्य ढांचा पूरी तरह से चरमरा गया था। विकसित और सभ्य लोकतांत्रिक देशों ने लोगों को मरने के लिए छोड़ दिया था। भारत जैसे विकासशील या पिछड़े देशों में तो सब कुछ भगवान भरोसे था। नागरिक पूरी तरह से असहाय और लाचार थे। लोगों को अस्पताल में बेड्स नहीं मिल रहे थे, लोग ऑक्सीजन की कमी से मर रहे थे और मरने के बाद सम्मान के साथ अंतिम संस्कार भी नहीं हो पा रहा था। यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कोविड–19 न तो पहला वायरस था और न आखिरी। इबोला से लेकर सार्स तक कितने वायरस पहले आए और उनसे भी बेशकीमती जिंदगियों का नुकसान हुआ। इसलिए स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता के साथ बेहतर बनाने का काम होना चाहिए।

डब्लुएचओ ने मार्च 2020 में कोविड–19 को वैश्विक आपातकाल घोषित किया था और तब लग रहा था कि दुनिया को लंबे समय तक इस संकट से जूझना होगा। तब किसी ने कल्पना नहीं की थी कि छह महीने के अंदर दुनिया के वैज्ञानिक इसकी वैक्सीन तैयार कर लेंगे और वायरस को रोकने का प्रयास शुरू हो जाएगा। हालांकि इतने कम समय में वैक्सीन तैयार करने के लिए नियमों और तरीकों में काफी समझौता किया गया लेकिन वैक्सीन आई तो उससे वायरस नियंत्रित हुआ। वायरस से तो लोगों को मुक्ति मिल गई है लेकिन उसके बाद स्वास्थ्य को लेकर कई तरह की नई जटिलताएं पैदा हो गई हैं। पूरी दुनिया में अचानक हार्ट अटैक से होने वाली मौतों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। लंग्स से जुड़ी बीमारियां भी आम हो गई हैं। यह वायरस का असर भी हो सकता है और इलाज का साइड इफेक्ट भी हो सकता है। इस पहलू को भी समझने और ठीक करने की जरूरत है।

# अगर ये 5 ट्रिक फॉलो कर लेंगे तो गर्मियों में नहीं होगी घमौरियों की समस्या

चिलचिलाती गर्मी का मौसम आ चुका है. पसीने के साथ ही घमौरियां भी निकलना बिल्कुल आम है. लेकिन यह छोटी–छोटी घमौरियां आपके लिए बड़ी समस्या बन जाती है. आपको हर वक्त जलन और खुजली महसूस होती है. इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है. जैसे जैसे तापमान बढ़ता है वैसे वैसे घमौरी होने का खतरा बढ़ता है. ऐसे में हम आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं जिसकी मदद से घमौरियों से आप बचे रहेंगे.

घमौरियों से बचने के टिप्स

बॉडी को ठंडा रखें–घमौरियां अक्सर पसीने की वजह से होती है और पसीना बॉडी हीट के कारण आता है तो कोशिश करें कि अपने शरीर को अंदर से ठंडा रखें खुद को हाइड्रेट रखें पर्याप्त मात्रा में पानी पिए हाइड्रेटिंग फल और सब्जियों का सेवन करें.

कॉटन कपड़ा पहनें–घमौरी अक्सर उन जगहों को प्रभावित करती है, जहां पर हवा नहीं लगता. जैसे कि अंडर आर्म्स या फिर गर्दन. इससे बचने के लिए आप हवादार कपड़े पहने. टाइट कपड़े पहनने से बचें. हमेशा गर्मियों में कॉटन कपड़े ही पहनें, क्योंकि कॉटन के कपड़े से हवा आर पार होती है. पसीना जल्दी सूख जाता है और शरीर को भी ठंडक मिलती है. सिंथेटिक कपड़े पहनने से पसीना नहीं सूखता और यह लंबे वक्त तक शरीर पर बने रहते हैं तो घमौरियों और खुजली का कारण बन जाते हैं.



शरीर को गीला ना रखें–जब कभी भी नहाए अपने शरीर को गिला ना छोड़े हमेशा ठीक से सुखाएं क्योंकि जब शरीर जिला रहता है तो बैक्टीरिया और जर्म्स का घर बन जाता है और इस वजह से घमौरियों का खतरा बना रहता है.

ठंडे पानी से नहाएं–गर्मियों में हमेशा ठंडे पानी से नहाएं और कोशिश करें कि दिन भर में 2 बार नहाए एक्सरसाइज या वॉक से आकर नहाना ना भूलें. नहाने से आपके शरीर पर जमा पसीना निकल जायेगा और घमौरियों का खतरा कम हो जाएगा

एक्सफोलिएट करें– अक्सर गर्मियों में लोगों के माथे पर घमौरिया निकल जाती है. ऐसा इस वजह से होता है क्योंकि जब पसीना आता है तो धूल गंदगी तो त्वचा पर चिपक जाती है आपकी स्किन पोर्स बंद हो जाती हैं. ऐसे में आप नहाते वक्त अपनी त्वचा को अपने हाथों से एक्सफोलिएट करें आप चाहे तो कुछ घरेलू सामान जैसे ओट्स या बेसन लगाकर भी एक्सफोलिएट कर सकते हैं इससे त्वचा पर जमी गंदगी बाहर आ जाती है और आपकी स्किन हेल्दी ग्लोइंग नजर आती.

घमौरी से राहत पाने के लिए करें ये उपाय

*घमौरी वाली जगह पर आइस पैक से सिकाई करें. इससे घमौरियां खत्म होती है और खुजली में भी आराम मिलता है.

*चंदन पाउडर और गुलाब जल का पेस्ट को प्रभावित स्किन पर अप्लाई करें. इससे त्वचा को ठंडक मिलती है और घमौरियों से राहत मिलती है.

*नीम की पत्ती को पीसकर प्रभावित एरिया पर लगा सकते हैं. इससे भी आप को काफी राहत मिलेगी.

*ओटमील का पानी प्रभावित जगह पर अप्लाई करें. आप चाहे तो ओटमील का पेस्ट बनाकर भी प्रभावित एरिया पर लगा सकते हैं. इससे भी घमौरिया दूर होती है.

# भारत सबसे ज्यादा आबादी वाला देश

**अजय दीक्षित**

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की ताजा रपट के मुताबिक, भारत सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। चीन को पीछे छोड़ दिया गया है। फरवरी, 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार, भारत की आबादी 142.86 करोड़ और चीन की 142.57 करोड़ है। भारतीय चीनियों की तुलना में 29 लाख अधिक हो गए हैं। यह सिलसिला अब जारी रहेगा, क्योंकि हमारी औसत प्रजनन दर करीब 2 फीसदी है, लिहाजा आबादी लगातार बढ़ती रहती है। जब भारत अपनी आजादी का शतक पूरा कर चुका होगा, उसके बाद 2050 में हमारी आबादी 166.8 करोड़ से ज्यादा होगी। चीन से तुलना बंद कर देनी चाहिए, क्योंकि 2100 आने तक उसकी आबादी सिकुड़ कर 76 करोड़ के करीब रह सकती है। भारत दुनिया का सबसे 'युवा देश' है। करीब 66 फीसदी आबादी 35 साल की उम्र से कम है। भारत में 15–64 आयु वर्ग की आबादी करीब 68 फीसदी है। इस आयु वर्ग को 'कामकाजी' माना जाता है। 1940 के आयु वर्ग के 53 करोड़ हिंदुस्तानी हैं, जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उन्हीं के दम पर भारत 'मैन्यूफैक्चरिंग हव' बनेगा। युवा आबादी हमारे लिए 'शक्ति–पुंज' है। दुनिया का सबसे बड़ा बाजार, सबसे युवा कार्य–बल और सबसे सस्ता श्रम बल भारत में उपलब्ध है, लिहाजा हम दुनिया के 'बाजार–बादशाह' हैं दुनिया के उदाहरण सामने हैं कि यदि अमरीका, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया सरीखे देशों ने असीम सफलताएं हासिल की हैं. तो सिर्फ अपनी युवा आबादी के बल पर और चूंकि अब उनकी आबादी बुढियाने लगी है, तो काम के संकटभी पैदा हो रहे हैं। सामूहिक ताकत, ऊर्जा, कौशल, कारोबार, उत्पादन आदि के संदर्भ में 'सबसे ज्यादा हिंदुस्तानी' होने की खबर सुखद है। उम्मीद और संभावनाओं के व्यापक) आसमान खोलती है, लेकिन चिंताएं और चुनौतियां भी मौजूद हैं। दुनिया की 800 करोड़ से ज्यादा की आबादी में भारत की हिस्सेदारी 17.77 फीसदी है, लेकिन हमारा भू–भाग मात्र 2.5 फीसदी है। संसाधन भी सीमित हैं। हालांकि भारत की इतनी आबादी होने के बावजूद हमारे सामने भुखमरी और सूखा–अकाल के हालात नहीं हैं, लेकिन देश के रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, मेट्रो स्टेशनों, अस्पताल, स्कूल, बाजारों, राशन के डिपो से लेकर 5 किलो मुफ्त अनाज के वितरण केंद्रों आदि तक पर जब जन–सैलाब देखते हैं, तो असंतुलन का खौफ पैदा होने लगता है।



असंख्य चेहरे आंदोलित होते हैं, किसान अपनी फसल को जलाने को विवश होते हैं और बेरोजगार युवा आक्रोश में आकर तोड़–फोड़ करने लगते हैं, तो आबादी का 'शक्ति–पुंज' ही देश को जलाता हुआ लगता है। सब कुछ सवालिया हो जाता है। बेशक भारत में बहुत कुछ बदल चुका है। देश में करीब 50 करोड़ कामगार हैं।

यदि 15 साल से अधिक उम्र के कामगारों को भी जोड़ लिया जाए, तो यह आंकड़ा 100 करोड़ को छू सकता है। इतने कामगार दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। चीन को छोड़ दें, तो अमरीका, यूरोप, अफ्रीका की इतनी आबादी भी नहीं है। देश की तकनीकी कंपनियों में करीब 54 लाख लोग कार्यरत हैं। 2022–23 के दौरान इन कम्पनियों ने 2.90 लाख लोगों को नौकरियां दी हैं ।

**1940 के आयु वर्ग के 53 करोड़ हिंदुस्तानी हैं, जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और उन्हीं के दम पर भारत 'मैन्यूफैक्चरिंग हव' बनेगा। युवा आबादी हमारे लिए 'शक्ति–पुंज' है। दुनिया का सबसे बड़ा बाजार, सबसे युवा कार्य–बल और सबसे सस्ता श्रम बल भारत में उपलब्ध है, लिहाजा हम दुनिया के 'बाजार–बादशाह' हैं दुनिया के उदाहरण सामने हैं कि यदि अमरीका, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया सरीखे देशों ने असीम सफलताएं हासिल की हैं. तो सिर्फ अपनी युवा आबादी के बल पर और चूंकि अब उनकी आबादी बुढ़ियाने लगी है, तो काम के संकटभी पैदा हो रहे हैं।**

# जेएमएम को बिहार की पार्टियों से चिंता!

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुले दिन से बिहार की दोनों प्रादेशिक पार्टियों– राजद और जदयू के नेताओं का स्वागत कर रहे हैं। पिछले दिनों राजद नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव उनसे मिलने गए थे। उसके बाद जदयू के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के साथ रांची पहुंचे और हेमंत से मिले। हेमंत सोरेन दोनों पार्टियों के प्रति सद्भाव दिखा रहे हैं लेकिन उनको चिंता भी हो रही है। उनको गठबंधन को लेकर चिंता है। जेएमएम, कांग्रेस और राजद पहले से गठबंधन में हैं। अगर जदयू भी उसका हिस्सा बने तो सीटों के बंटवारे में मुश्किल आ सकती है। उनकी पार्टी के नेताओं को लग रहा है कि अगर राजद और जदयू की ताकत बढ़ती है तो वे ज्यादा सीटों के लिए मोलभाव करेंगे।

दूसरी ओर कुछ ऐसे भी नेता हैं, जिनको लग रहा है कि बिहार की पार्टियों का गठबंधन में रहना, जितना फायदेमंद है उससे ज्यादा फायदा अलग लडने् से है। असल में झारखंड के बिहारी मतदाता आमतौर पर जेएमएम को वोट नहीं करते हैं। वे पारंपरिक रूप से भाजपा को वोट देते हैं। अगर बिहार की पार्टियां अलग लड़ें तो उससे भाजपा के वोट में सेंध लगेगी। राजद का असर यादव मतदाताओं में है, जिनका रूझान भाजपा की ओर दिख रहा है। ध्यान रहे पिछले विधानसभा चुनाव में राजद छह सीटों पर लड़ी थी लेकिन सिर्फ एक सीट जीत पाई थी। जदयू का असर कुर्मी मतदाताओं में हो सकता है, लेकिन उसकी राजनीति पहले से जेएमएम और आजसू करते हैं।

# लोगों मे बने हुए है अस्थमा से जुड़े ये प्रमुख भ्रम, जानिए इनकी सच्चाई

अस्थमा से दुनियाभर में हर साल करीब 2.5 लाख लोगों की मौत होती है और इसका प्रमुख कारण इलाज में अनेदेखी करना और झूठी धारणाएं पालना है। दरअसल, अस्थमा को लेकर लोगों में कई ऐसी धारणाएं या भ्रम हैं, जो बीमारी से ग्रस्त लोगों के लिए खतरा साबित हो सकती है या फिर शरीर को इसकी चपेट में लाने का कारण बन सकती हैं। आइए आज अस्थमा से जुड़े कुछ सामान्य भ्रम और उनकी सच्चाई जानते हैं।



**भ्रम– इनहेलर्स और नेबुलाइजर्स से ज्यादा अच्छी हैं दवाइयां**

यह सिर्फ एक भ्रम से ज्यादा कुछ नहीं है कि इनहेलर्स और नेबुलाइजर्स से ज्यादा अच्छी दवाइयां हैं। इनहेलर को बहुत कम खुराक में लिया जाता है और इसके कम दुष्प्रभाव होते हैं। यह लंबे समय तक उपयोग के लिए सुरक्षित है, लेकिन कई अस्थमा रोगी आज इनहेलर्स की तुलना में दवाइयां लेना ज्यादा सही समझते हैं। यह काफी हद तक अज्ञानता और इनहेलर्स के उचित उपयोग के बारे में जानकारी की कमी के कारण होता है।

**भ्रम– अस्थमा को संतुलित आहार से ही नियंत्रित किया जा सकता है**

कई लोग मानते हैं कि अस्थमा को संतुलित आहार से ही नियंत्रित किया जा सकता है, जबकि इस बात की सच्चाई अलग ही है। इस बात का लगभग कोई चिकित्सकीय प्रमाण नहीं है कि आहार से अस्थमा का इलाज या नियंत्रण किया जा सकता है। संतुलित आहार रोगियों को उनकी स्वास्थ्य स्थितियों को बेहतर करने में मदद कर सकता है, लेकिन आहार से अस्थमा का उपचार उपचार होने के संबंध में कोई सबूत नहीं मिले हैं।

**भ्रम– बढ़ती उम्र के साथ कम होता जाता है अस्थमा**

आपका मानना भी यही है कि अस्थमा उम्र के साथ कम होता जाता है तो आप भ्रम के अलावा कुछ नहीं है। भले ही अस्थमा के लक्षण कम हो जाएं, लेकिन कुछ दिनों, महीनों या वर्षों के बाद गंभीर बीमारी के रूप में सामने आ सकते हैं। अस्थमा को डॉक्टर की सलाह के अनुसार नियमित उपचार के जरिए बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है और जीवन के किसी भी चरण के दौरान बीमारी बढने् से बचना महत्वपूर्ण है।

**भ्रम– अस्थमा के रोगियों को एक्सरसाइज नहीं करनी चाहिए और शारीरिक गतिविधियों से बचना चाहिए**

यह अस्थमा से जुड़ा सबसे आम भ्रम है कि अस्थमा के रोगियों को एक्सरसाइज नहीं करनी चाहिए और शारीरिक गतिविधियों से बचना चाहिए, जबकि डॉक्टर ऐसा न करने की सलाह देते हैं। एक्सरसाइज अस्थमा के लक्षणों को कम करने में मदद करती है, लेकिन अस्थमा के रोगियों को किसी भी प्रकार की एक्सरसाइज का अभ्यास करने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए और अपनी क्षमतानुसार ही उनका अभ्यास करना चाहिए।

## कर्नाटक की जीत के जश्न में भगवा हुई कांग्रेस

**इंदौर,एजेंसी।** शनिवार को खजराना गणेश मंदिर से मप्र कांग्रेस मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ युवा इकाई के धर्म रक्षा यात्री निकाली। यह यात्रा खजराना गणेशम ंदिर से शुरु होकर पलासिया, गीताभवन, मधुमिलन, रीगल, राजवाड़ा, बड़ा गणपति, कालानी नगर से बिजासन माता मंदिर पहुंची। कार्यकर्ता हाथ में भगवा ध्वज लिए थे। यात्रा में शामिल हुए पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने कैलाश विजयवर्गीय पर कई टिप्पणियां की। सज्जन का कहना है कि भाजपा धर्म का झूठा ढोंग रचती है। क्योंकि इनकी कथनी और करनी में अंतर है। भाजपा नेता छद्म रूप धारण करके अन्याय करते हैं। ये कहते हैं महिलाओं को सशक्त बनाएंगे लेकिन यही लोग अत्याचार करते हैं। इसे जनता समझ गई है। सज्जन ने दावा किया कि सिर्फ कांग्रेस ही धर्म की रक्षा कर सकती है और कमलनाथ ही राम राज ला सकते हैं। इंदौर में सियासी उठापटक के बीच राम, हनुमान, शिव और बजरंग दल के बाद अब हिंदुत्व की नई रेस शुरु हुई। भाजपा के नक्श-ए-कदम पर कांग्रेस भी भगवा लेकर मैदान में कूद चुकी है। खजराना गणेश मंदिर से शुरु हुई कांग्रेस की धर्म रखा यात्रा में कांग्रेसी भगवामय नजर आए। कांग्रेस की इस धर्म रक्षा यात्रा का मकसद हिंदुत्व को जगाना और मठ-मंदिरों का संरक्षण करना है। लेकिन क्या वाकई सनातन धर्म असुरक्षित है? सवाल यह है कि क्या हिंदुत्व के एजेंडे पर कांग्रेस भी दांव आजमाना चाहती है। क्या 2023 के चुनाव में धर्म की एंट्री से जीत की जा सकती है। मध्यप्रदेश चुनाव 2023 से पहले भाजपा-कांग्रेस अपने आप को सनातनी साबित करने में हुटे हैं। बीते दिनों बजरंग दल बैन को लेकर भाजपा ने युद्ध घोष किया था। अब कांग्रेस धर्म रक्षा यात्रा निकाल रही है। लेकिन इस धर्म रक्षा यात्रा का असली मकसद क्या है? क्या मध्यप्रदेश में सनातन धर्म असुरक्षित है?

## जालंधर जीतने के बाद दिल्ली पहुंचे रिंकू

**जालंधर (एजेंसी)।** जालंधर लोकसभा उपचुनाव में बड़ी जीत हासिल कर सुशील रिंकू ने इतिहास रचा है। अब इसी जीत से गदगद जालंधर से नवनिर्वाचित सांसद सुशील कुमार रिंकू आप संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करने पहुंचे।

दिल्ली में वह आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करने उनके घर पर पहुंचे हैं। आप नेता राघव चड्ढा और अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की शादी में शामिल होने गए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से भी रिंकू ने दिल्ली में ही मुलाकात की।

जालंधर से सांसद चुने गए सुशील रिंकू मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान के साथ पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके घर पर जाकर मुलाकात करने के लिए पहुंचे और उनसे आशीर्वाद लिया। लोकसभा उपचुनाव में जीत के बाद सुशील रिंकू का यह दिल्ली का भी पहला दौरा है और दोनों मुख्यमंत्रियों से मुलाकात भी पहली है।

## ...बीजेपी घुस गई फाटक में, कहने वाले सत्तन का मुंह मीठा कराया

**इंदौर, एजेंसी।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को प्रचंड बहुमत मिली। इस जीत के बाद कांग्रेसी जश्न मनाने में जुटे हैं। इस बीच कांग्रेसियों को इंदौर के वरिष्ठ भाजपा नेता सत्य नारायण सत्तन की भविष्यणवाणी याद आ गई।

शहर कांग्रेस प्रवता विवेक खंडेलवाल और घनश्याम जोशी ने सत्तन के घर पहुंचकर उनका स्वागत किया और मुंह मीठा कराया। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि सत्य नारायण की वाणी सत्य हो गई।

### कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत पर बोले

# भारत जोड़ो यात्रा के समय ही तय हो गया था एजेंडा: जयराम रमेश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक में कांग्रेस को बहुमत के साथ शानदार जीत हासिल हुई है। इसके बाद से कांग्रेस की उम्मीदें आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं। अपनी पार्टी की जीत पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने प्रतिक्रिया दी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा, "जीत का एजेंडा पिछले साल अक्टूबर में भारत जोड़ो यात्रा से तय कर लिया गया था। जब राहुल गांधी ने कर्नाटक में 22 दिन गुजारे और इस दौरान 7 जिलों और 21 विधानसभा की सीटें से गुजरे। उसी समय पार्टी में एक सद्भावना, एकता और विश्वास देखने को मिला, जिससे कांग्रेस को मजबूती मिली।

"कांग्रेस के लिए भारत जोड़ो यात्रा एक टर्निंग प्वाइंट रहा और इसके बाद हमने कई सभाएं और रैलियां की, जिसका पार्टी पर काफी सकारात्मक असर देखने को मिला है। हमने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ही चुनाव के लिए अपने वादे को लेकर विचार किया और लोगों को वादे किए। हालांकि, हमने अपना घोषणापत्र तैयार किया, लेकिन उनमें से पांच वादों को काफी सोच-विचार के साथ राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के दौरान तय किया गया था।"वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, "कांग्रेस ने जीत हासिल की और भाजपा की डबल इंजन सरकार का भांडा-फोड़ हुआ है, लोगों को सच का पता लगा है।" ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने भी भाजपा पर तंज कसा है और कहा, "कर्नाटक तो झांकी है और अभी पूरा हिंदुस्तान बाकी है। कर्नाटक ने दिखाया है कि देश की जनता तानाशाही को पराजित कर सकती है। जो 1978 में हुआ था, वहीं अब कर्नाटक से शुरुआत हो चुकी है।"

कांग्रेस की जीत के बाद जयराम रमेश ने पोल की एक तस्वीर शेयर करते हुए ट्वीट किया और लिखा, "कर्नाटक में #ईँ१३खङ्गङ्किं३१ का यह सीधा असर है। मोटे तौर पर पार्टी को एकजुट करने, कैडर में जोश भरने और कर्नाटक चुनाव के लिए नैरेटिव सेट करने में यात्रा की ज़बरदस्त भूमिका रही। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कर्नाटक के लोगों के साथ राहुल गांधी ने कई बातचीत की। इन बातचीत के आधार पर हमारी गारंटी एवं घोषणापत्र के लिए वादों पर चर्चा हुई और उन्हें अंतिम रूप दिया गया।" कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बहुमत हासिल हुआ है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को कुल 224 सीटों में से 135 सीटों के साथ बहुमत मिला है। वहीं, भाजपा केवल 66 सीटें ही जीत पाई है। जेडीएस को मात्र 19 सीटों के साथ खाता बंद करना पड़ा।

## जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में सेना व आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

**श्रीनगर (एजेंसी)।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के अंडवान सागर इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा, अनंतनाग के अंडवान सागर इलाके में सुरक्षा बलों व आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। पुलिस और सुरक्षा बल अपना काम कर रहे हैं।

पुलिस और सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम को उस क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में इनपुट मिलने के बाद गोलीबारी शुरू हुई।सुरक्षा बलों द्वारा इलाके की घेराबंदी करने के बाद वहां छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी की, सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की।गौरतलब है कि हाल के दिनों में कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच कई मुठभेड़ हुई हैं।

## इमरान खान ने अपनी गिरफ्तारी के लिए सेना प्रमुख को ठहराया जिम्मेदार, कहा- जो हो रहा, उससे सेना बदनाम हो रही

**इस्लामाबाद(एजेंसी,।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने 9 मई को अपने 'अपहरणइ के लिए सेना प्रमुख को जिम्मेदार ठहराया और उनकी गिरफ्तारी के बाद कई शहरों में हुई हिंसा से खुद को दूर कर लिया। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के परिसर में मीडियाकर्मियों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने ये बात कही। पीटीआई प्रमुख ने कहा, यह सुरक्षा एजेंसियां नहीं है। यह एक व्यक्ति है, सेना प्रमुख। सेना में कोई लोकतंत्र नहीं है। जो हो रहा है, उससे सेना बदनाम हो रही है।

खान ने आरोप लगाया, वह (सेना प्रमुख) चिंतित हैं कि अगर मैं सत्ता में आया, तो मैं उन्हें डी-अधिसूचित कर दूंगा। मैंने उन्हें संदेश भेजने की पूरी कोशिश की, मैं नहीं करूंगा। यह सब हो रहा है, उनके सीधे आदेश हैं। वह है जो आश्वस्त है कि अगर मैं जीतता हूं, तो उन्हें डी-नोटिफाई कर दिया जाएगा।

पूर्व प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को 'प्रताड़ित किए जाने की भी बात की और आरोप लगाया कि एक साल के दौरान 5,000 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। खान ने कहा कि वह हत्या के दो प्रयासों से बच गए थे और उनकी जांच की मांग खारिज कर दी गई।गुरुवार शाम को सुप्रीम कोर्ट में अपनी स्थिति को दोहराते हुए, पीटीआई अध्यक्ष ने कहा कि वह उनकी गिरफ्तारी के बाद हुए घटनाक्रम से पूरी तरह अनजान थे और दावा किया कि उन्हें पता चला है कि दो दिनों के विरोध प्रदर्शन के दौरान 40 लोगों की जान चली गई।एनएबी की हिरासत में होने के दौरान हुई घटनाओं पर दुख व्यक्त करते हुए, खान ने कहा कि सिर्फ एक व्यक्ति के कारण सेना की बदनामी हो रही है।

## कौन होगा अगला सीबीआई डायरेक्टर? पैनल ने शॉर्टलिस्ट किए 3 नाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीबीआई डायरेक्टर, चीफ विजिलेंस कमिश्नर और लोकपाल की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री आवास पर उच्च स्तरीय समिति की बैठक हुई। इस बैठक में पीएम मोदी, चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विपक्षी दल के नेता अधीर रंजन चौधरी मौजूद थे।

सूत्रों के मुताबिक, अधीर रंजन चौधरी ने सीबीआई डायरेक्टर और चीफ विजिलेंस कमिश्नर की नियुक्ति की सिफारिश पर असहमति जताया है, जबकि लोकपाल की नियुक्ति के लिए समिति ने नामों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए पैनल गठित करने की सिफारिश की। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई डायरेक्टर पद के लिए तीन उम्मीदवारों के नामों पर विचार किया गया। इनमें से किसी एक को चुना जाएगा।

कैबिनेट की समिति को शॉर्टलिस्ट कर भेजे गए नामों में कर्नाटक के डीजीपी प्रवीण सूद, मध्य प्रदेश के डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना और अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड के डीजी ताज हसन का नाम शामिल है।

25 मई को समाप्त हो रहा है सुबोध कुमार का कार्यकाल

बता दें कि मौजूदा सीबीआई डायरेक्टर सुबोध कुमार जायसवाल का कार्यकाल इसी महीने 25 मई को समाप्त हो रहा है। वह पिछले दो साल से इस पद पर थे। उन्होंने 26 मई 2021 को सीबीआई डायरेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया था। बता दें कि सुबोध कुमार जायसवाल महाराष्ट्र कैडर के 1985 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर भी रहें हैं।

## सिपाही की हत्या के आरोपी दो बदमाश पुलिस के साथ मुठभेड़ में ढेर, इंस्पेक्टर भी घायल

**जालौन (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के जालौन जनपद में रविवार को पुलिस के साथ हुई मुठभेड में सिपाही की हत्या के आरोपी दो बदमाश मारे गये। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) ई राज राजा ने बताया कि चार दिन पहले 10 मई को सिपाही भेदजीत सिंह की हत्या कर दी गयी थी। आरोपियों की धरपकड़ के लिए चार टीमें लगायी गयी थीं। आरोपी बदमाशों के बारे में मुखबिर से मिली सूचना के बाद उन्हें फैक्ट्री एरिया में घेर लिया गया। पुलिस को देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी, इसके बाद पुलिस की जवाबी का-र्रवाई में एक बदमाश को वहीं ढेर कर दिया गया। दूसरे घायल बदमाश की अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में उरई के एसएचओ शिव कुमार सिंह के हाथ और दो सिपाहियों के बुलेटप्रूफ जैकेट में भी गोली लगी है।

# कर्नाटक कांग्रेस को सता रहा 'राजस्थान सिंड्रोम का डर

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली जोरदार सफलता के बाद भी उसे 'राजस्थान सिंड्रोमइ का डर सता रहा है तथा मुख्यमंत्री पद के लिए वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार के बीच चयन की दुविधा की स्थिति है।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े द्वारा निर्वाचित विधायकों के लिए होटल के कमरे बुक करने और पार्टी पर्यवेक्षकों के संभावित दौरा इसका संकेत माना जा रहा है। पार्टी पर्यवेक्षकों का आना हालांकि सामान्य बात है लेकिन इतनी प्रचंड जीत के बाद भी यह कुछ असहज लग रहा है। मुख्यमंत्री के रूप में कांग्रेस के लिए बेहतर विकल्प कौन है सिद्दारमैया या शिवकुमार, इस पर निर्णय लेने के लिए वे प्रत्येक विधायक से फीडबैक लेने के लिए बेंगलुरु में होंगे।

मौजूदा परिस्थिति में पार्टी आलाकमान मुख्यमंत्री पद के लिए शिवकुमार का समर्थन कर रहा है, क्योंकि उन्होंने सोनिया गांधी से कर्नाटक को उनके पाले में लाने की प्रतिबद्धता जतायी थी। इसके बावजूद शिवकुमार के राज्याभिषेक के मार्ग में कुछ बाधाएं हैं। घन शोधन से संबंधित अदालती मामलों में उन पर लटकी तलवार उन्हें परेशान कर सकती हैं। इसके अलावा वह गिरफ्तारी और कारावास से बचने के लिए जमानत पर है। वहीं यदि मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें अदालतों द्वारा तिहाड़ वापस भेज दिया जाता है, तो इससे सरकार की छवि को अपूरणीय क्षति होगी।

दूसरी तरफ सिद्दारमैया के समर्थक पर्यवेक्षकों के सामने इन तथ्यों को मुख्य रूप से पेश करेंगे। वैसे शिवकुमार को आलाकमान का आशीर्वाद मिल सकता है, लेकिन संख्या बल के हिसाब से सिद्दारमैया मजबूत स्थिति में हैं और इसी बात को लेकर कर्नाटक कांग्रेस 'राजस्थान सिंड्रोमइ से आशंकित है।

गौरतलब है कि राजस्थान में सचिन पायलट कांग्रेस को सत्ता में लाने के अपने जोरदार प्रयास के बदले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ प्रतिष्ठित पद के लिए झगड़ रहे हैं। गहलोत के सत्ता में आने के बाद अपना हक नहीं मिलने पर वहखुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में पार्टी को सत्ता में लाने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया को दरकिनार कर श्री कमलनाथ का राज्याभिषेक कर दिया। इससे सिंधिया को विद्रोह का अवसर मिला और उन्होंने अपने समर्थकों के साथ पार्टी छोड़कर कमलनाथ सरकार को गिरा दिया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए, जिससे उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में एक पद और मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल में उनके समर्थकों को भागीदारी मिली।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में नार्को-टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़, चार धरे

**श्रीनगर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) से आने वाले नाकी-टेरर स्मगलिंग सिंडिकेट के खिलाफ एक बड़ी सफलता में भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर में मॉड्यूल चलाने में शामिल चार तस्करों को उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में गिरफ्तार किया है। उनके पास से नशीला पदार्थ भी बरामद किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना ने बताया, पंजाब के एक नाकी तस्कर के बारे में एक विश्वसनीय इनपुट पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ा गया। सेना ने कहा कि प्रारंभिक जांच के दौरान, यह पता चला है कि नशीले पदार्थों को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो पीओजेके स्थित आतंकवादी आकाओं द्वारा भेजा गया था।

## दिनदहाड़े बीच बाजार में मुखिया पति को दौड़ाकर मारी गोली, मौत

**आरा (एजेंसी)।** भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैया बाजार पर रविवार की सुबह हथियारबंद अपराधियों ने पश्चिमी गुंडी पंचायत के वर्तमान मुखिया पति सह प्रॉपर्टी डीलर महेंद्र यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। दिनदहाड़े इस वारदात के बाद गांव और आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। ये पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। जिसमें दो हत्यारे हथियार लिए दिख रहे हैं। महेंद्र पेशे से व्यवसाई थे और सरैया बाजार में सरिया एवं गिट्टी का दुकान चलाते थे। मृतक के पुत्र अंकुश कुमार ने बताया कि गांव में ही केस हुआ था। जिसका पंचायती करने के लिए रविवार की सुबह आपने बुलेट से कृष्णागढ़ थाना गए थे। जब वह पंचायती कर वापस बुलेट से घर लौट रहे थे। उसी दौरान सरैया बाजार पर ही हथियारबंद अपराधियों द्वारा ताबड़तोड़ उन पर गोलियां बरसा दी गई।

## बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री के हिंदू राष्ट्र वाले बयान से भारी विवाद

**पटना (एजेंसी)।** धार्मिक उपदेशक और बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री के 'हिंदू राष्ट्रइ वाले बयान से बिहार में भारी विवाद पैदा हो गया है। राज्य में अपनी चर्चा के पहले दिन शास्त्री ने भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की पैरवी की। उन्होंने कहा, एक दिन एक संत ने मुझसे कहा कि मैं हिंदू राष्ट्र की बात करता हूं, लेकिन यह कैसे संभव है? मैंने उनसे कहा कि भारत पहले से ही हिंदू राष्ट्र है और जल्द ही इसकी घोषणा भी हो जाएगी। इस बयान से बड़ा विवाद पैदा हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने रविवार को इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।

राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा, हमें धीरेंद्र शास्त्री के पटना दौरे को लेकर अंदेशा है कि वे समाज में धर्म के नाम पर फूट डालने की बात करेंगे। हमारा अंदेशा सही साबित हो रहा है। वह भाजपा और आरएसएस के राजनीतिक एजेंडा को चलाने के लिए पटना आए हैं।

तिवारी ने कहा, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि यह बिहार की धरती है, महात्मा बुद्ध की जन्म स्थली और महात्मा गांधी की कर्म स्थली। बिहार के लोग स्वयंभू देवदूत को अपना एजेंडा नहीं चलाने देंगे। राजनीतिक बयान देने से पहले उन्हें कर्नाटक चुनाव के नतीजों को देखना चाहिए जिसमें बजरंग बली राजनीति में उनका नाम घसीटने के लिए भाजपा पर क्रोधित हो गए। भारत देश कानून और संविधान से चलता है। क्या वे भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए संविधान को बदल देंगे?

जदयू के प्रवक्ता अभिषेक झा ने कहा, यह देश बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान से चलता है जिसमें हर धर्म के व्यक्ति को समान अधिकार है।

## देश में ही बनेंगे 928 रक्षा उत्पाद, सेना के बचेंगे 715 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत देश में ही रक्षा उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी के तहत रक्षा विभाग ने 928 उत्पादों की एक लिस्ट जारी की है, जिनका अब भारत में ही निर्माण किया जाएगा। इन उत्पादों के विदेशों से आयात पर अगले पांच से साढ़े पांच साल में प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि इस लिस्ट को जारी करने का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत देश में ही रक्षा उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देना है।रक्षा मंत्रालय ने दिसंबर 2023 से लेकर दिसंबर 2028 तक इन 928 उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाने की समय सीमा तय की है। इससे पहले रक्षा मंत्रालय ने तीन और ऐसी लिस्ट जारी की थी। ये लिस्ट दिसंबर 2021, मार्च 2022 और अगस्त 2022 में जारी की गईं थी।

## सीआईएससीई बोर्ड ने जारी किया 10वीं और 12वीं कक्षा का रिजल्ट, लड़कियों ने फिर मारी बाजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) बोर्ड ने रविवार(एजेंसी) को कक्षा 10वीं और आईसीएसई बोर्ड की कक्षा 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया है। पूरे देश भर से इन परीक्षाओं में 2.5 लाख छात्र शामिल हुए थे। इन परीक्षाओं में शामिल हुए छात्र आईसीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर अपनी बोर्ड परीक्षाओं रिजल्ट चेक कर सकते हैं। यह रिजल्ट दोपहर 3 बजे आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। इस बार भी लड़कियों का ही रिजल्ट ज्यादा बेहतर रहा है। कक्षा 12वीं यानी ढ्ढस्ष्टश्व क्चशड्डह्म्स्र में लड़कियों का रिजल्ट 98.01प्रतिशत रहा है। वहीं, 95.95प्रतिशत लड़के पास हुए हैं। इसी तरह कक्षा 10वीं में लड़कियों का पास प्रतिशत 99.21प्रतिशत पाया गया है। वहीं, इस बार 98.71प्रतिशत लड़के पास हुए हैं।

आईसीएसई के लिए कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं इस वर्ष 27 फरवरी से शुरू हुईं थी। यह परीक्षाएं लगभग 1 महीने तक चली और 29 मार्च को समाप्त हुईं।

वहीं आईएससी कक्षा 12 की परीक्षा 13 फरवरी को शुरू हुई और अंतिम परीक्षा की तारीख 31 को मार्च थी। 10 और 12 दोनों कक्षाओं को मिलाकर इस साल लगभग 2.5 लाख छात्र सीआईएससीई की बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए।

आईसीएसई 12वीं परीक्षा 2023 को पास करने के लिए, छात्रों को चार या अधिक विषयों में न्यूनतम 35 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होते हैं। इन 4 विषयों में से एक अंग्रेजी का होना चाहिए। वहीं आईसीएसई कक्षा 10 की परीक्षा पास करने के लिए छात्रों को प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होते हैं।

इससे पहले सीबीएसई बोर्ड ने 12 मई को दसवीं कक्षा का बोर्ड रिजल्ट घोषित किया था। सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 93.12 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं।

गौरतलब है कि दसवीं बोर्ड परीक्षा, देश की सबसे बड़ी परीक्षाओं में से एक है। इस परीक्षा में 21 लाख 65 हजार 805 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 20 लाख 16 हजार 779 छात्र पास हुए हैं। इनमें से 2 प्रतिशत छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं।

# कर्नाटक के डीजीपी प्रवीण सूद बनाए गए सीबीआई के नए डायरेक्टर, दो साल का रहेगा कार्यकाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक कैडर के 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रवीण सूद को एक उच्च स्तरीय चयन समिति ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का निदेशक नियुक्त किया है। सीबीआई डायरेक्टर के रूप में प्रवीण सूद का कार्यकाल दो साल का होगा। वर्तमान में कर्नाटक में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में सेवारत, सूद अपनी नई भूमिका के लिए अनुभव और विशेषज्ञता लेकर आए हैं। चयन समिति में शामिल प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सर्वसम्मति से सूद की नियुक्ति पर सहमति व्यक्त की।

यह फैसला शनिवार शाम को हुई बैठक में लिया गया। वर्तमान निदेशक सुबोध कुमार जायसवाल 25 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इसके पहले प्रवीण सूद ने पुलिस बल में विभिन्न प्रमुख पदों पर कार्य किया है। सीबीआई निदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति उनके समर्पण, व्यावसायिकता और कानून और व्यवस्था बनाए रखने के ट्रैक रिकॉर्ड का प्रमाण है। आईपीएस में अपने व्यापक अनुभव और भारतीय कानूनी प्रणाली की पेचीदगियों की अपनी गहरी समझ के साथ, सूद देश की प्रमुख जांच एजेंसी का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं।

सीबीआई भ्रष्टाचार, आर्थिक अपराधों और अन्य गंभीर अपराधों से संबंधित हाई-प्रोफाइल मामलों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके नए निदेशक के रूप में, प्रवीण सूद एजेंसी के संचालन की देखरेख और मार्गदर्शन करने, निष्पक्ष और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने और व्यावसायिकता और अखंडता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होंगे।

## महाराष्ट्र में भी भाजपा का सफाया होगा: पटोले

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि जिस तरह कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सफाया हुआ है , उसी तरह राज्य में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भी भाजपा का सफाया हो जाएगा।

पटोले कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी की शानदार जीत के बाद राज्य कांग्रेस मुख्यालय में जश्न मना रहे कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे।

## रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी करण और आयात को कम करने के लिए अपनाए जा रहे उपकरणों की जानकारी साझा किया

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** रक्षा मंत्रालय द्वारा स्वदेशीकरण की वृद्धि और आयात को कम करने के लिए अपनाए जा रहे उपक्रमों के बारे में यह जानकारी दी गई है। इसके तहत, 928 लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट्स (एलआरयू), सब-सिस्टम्स, पुर्ज़े और घटकों की स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) को मंजूरी दी गई है। इन वस्तुओं का विवरण सृजन पोर्टल पर उपलब्ध है और इन्हें सूची में दिखाए गए समयसीमा के बाद ही भारतीय उद्योग से खरीदा जाएगा। यह सूची पिछले तीन जनहित याचिकाओं की निरंतरता के साथ जुड़ी है, जो दिसंबर 2021, मार्च 2022 और अगस्त 2022 में प्रकाशित हुई थीं।

इन सूचियों में पहले से ही 2,500 स्वदेशी आइटम हैं और समय-सीमा के भीतर 1,238 आइटम स्वदेशी हो जाएंगे। अब तक 1,238 में से 310 मदों (पहली जनहित याचिका – 262, दूसरी जनहित याचिका – 11, तीसरी जनहित याचिका – 37) का स्वदेशीकरण किया जा चुका है।

# 59 पर ऑलआउट होने के बाद फैंस ने लिए राजस्थान के मजे



नई दिल्ली, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के जयपुर में मुकाबला खेला गया। बैंगलोर ने राजस्थान को 112 रन से करारी शिकस्त दी। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान 59 रन पर ऑल आउट हो गई। यह आईपीएल इतिहास तीसरा सबसे कम स्कोर है। इससे पहले साल 2017 में केकेआर के खिलाफ आरसीबी मात्र 49 रन पर ऑल आउट हो गई थी। राजस्थान की शर्मानाक हार पर सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई।

59 रन पर ऑल आउट हुई राजस्थान

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन बनाए। फॉफ डु प्लेसिस और मैक्सवेल ने अर्धशतकीय पारी खेली। अनुज रावत ने 11 गेंदों पर 29 रन की शानदार कैमियो पारी खेली। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान 10.3 ओवर में सिर्फ 59 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। हेटमायर ने सर्वाधिक रन बनाए। इस बड़ी जीत से बैंगलोर ने अपना नेट रन रेट सही किया है। साथ ही प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद को जिंदा रखा है।

सोशल मीडिया पर मीम्स वायरल

आईपीएल के इतिहास में यह तीसरा सबसे छोटा स्कोर रहा। इससे पहले आरसीबी ने 2017 में कोलकाता के खिलाफ मात्र 49 रन पर सिमट गई थी। साल 2009 में आरसीबी के ही खिलाफ राजस्थान महज 58 रन पर सिमट गई थी।

बता दें कि 112 रन की जीत के साथ आरसीबी प्वाइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी का नेट रन रेट अब 0.166 हो गया है। इस जीत से आरसीबी ने प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद को जिंदा रखा है। दूसरी ओर, आरआर छठे स्थान पर है। अभी भी उसका एक मैच बचा हुआ। अगर वह बड़ी जीत हासिल करती है तो वह भी प्लेऑफ की रेस में बनी रहेगी।

# वेस्टइंडीज टी—20 और एकदिनी टीम के मुख्य कोच बने डैरन सैमी

सेंट जॉन्स, । क्रिकेट वेस्टइंडीज ने शुक्रवार को सीनियर पुरुष टीमों के लिए नए मुख्य कोचों के नियुक्ति की घोषणा की। आंद्रे कोले को टेस्ट और 'ए' टीमों का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। दो बार के टी–20 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान डैरन सैमी को वेस्टइंडीज की एकदिनी और टी–20 टीमों का मुख्य कोच नामित किया गया है।

नए मुख्य कोचों का चयन एक खुली और पारदर्शी साक्षात्कार प्रक्रिया के बाद किया गया और गुरुवार को सीडब्ल्यूआई बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक के बाद नियुक्तियों की पुष्टि की गई। डैरन सैमी का पहला काम जून में शारजाह में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला होगी, जो जिम्बाब्वे में होने वाले आईसीसी पुरुष विश्व कप 2023 क्वालीफायर टूर्नामेंट से पहले होगी। आंद्रे कोली का पहला काम जुलाई में कैरेबियन में भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज होगी। सैमी तीनों प्रारूपों में वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान हैं, जिन्होंने 2012 और 2016 में वेस्टइंडीज को आईसीसी टी – 20 विश्व कप खिताब दिलाया था। संन्यास के बाद से, उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग और कैरेबियन प्रीमियर लीग में फ्रेंचाइजी टीमों को कोचिंग दी है। कोली जमैका के पूर्व विकेटकीपर/बल्लेबाज हैं जिन्होंने वेस्टइंडीज क्रिकेट में सभी स्तरों पर कोचिंग की है। वह इस साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर वेस्ट इंडीज टीम के अंतरिम मुख्य कोच थे, जिसमें वेस्ट इंडीज अकादमी के मुख्य कोच के रूप में उनका सबसे हालिया काम था। 39 वर्षीय सैमी ने सीडब्ल्यूआई द्वारा जारी एक बयान में कहा,



यह एक चुनौती होगी लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं और उत्साहित हूं। मैं वास्तव में इस अवसर की प्रतीक्षा कर रहा हूं, विशेष रूप से हमारे पास मौजूद खिलाड़ियों को देखते हुए और मुझे लगता है कि मैं ड्रेसिंग रूम में प्रभाव डाल सकता हूं। मुझे विश्वास है कि मैं वही दृष्टिकोण लेकर आऊंगा जो एक खिलाड़ी के रूप में मेरे पास था। आंद्रे कोली ने कहा, मैं जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के दौरों पर अंतरिम भूमिका निभाने के बाद वेस्टइंडीज टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त होने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं आगे की चुनौतियों के साथ–साथ अवसरों को भी देख रहा हूं क्योंकि हम अपने तेज टेस्ट रैंकिंग को ऊपर ले जाने और जून 2025 में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हैं।

# स्पिनर्स बने रुतुराज— रहाणे की बड़ी कमजोरी



नई दिल्ली, आईपीएल 2023 में रुतुराज गायकवाड़ और अजिंक्य रहाणे ने अपने प्रदर्शन से जमकर वाहवाही बटोरी है। बतौर सलामी बल्लेबाज रुतुराज का प्रदर्शन बेमिसाल रहा है, तो रहाणे का नया तूफानी अवतार फैन्स को खूब रास आया है। हालांकि, इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन में सीएसके के इन दोनों बल्लेबाजों का हाल स्पिनर्स के आगे बेहाल रहा है।

**रुतुराज सातवीं बार हुए स्पिनर का शिकार**

चेपॉक के मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले जा रहे मैच में रुतुराज गायकवाड़ बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 17 रन बनाकर आउट हुए। रुतुराज को वरुण चक्रवर्ती ने वैभव अरोड़ा के हाथों कैच कराते हुए पवेलियन की राह दिखाई। आईपीएल 2023 में चेन्नई का सलामी बल्लेबाज 13वें मैच में सातवीं बार स्पिनर के खिलाफ अपना विकेट गंवाकर लौटा।

**रहाणे की भी कमजोरी बने स्पिनर्स**

सिर्फ रुतुराज गायकवाड़ ही नहीं, बल्कि स्पिनर्स के आगे अजिंक्य रहाणे का भी हाल बेहाल है। रहाणे केकेआर के खिलाफ 11 गेंदों का सामना करने के बाद 16 रन बनाकर आउट हुए। रहाणे को भी वरुण चक्रवर्ती ने पवेलियन की राह दिखाई। रहाणे इस सीजन स्पिनर के खिलाफ आठवीं बार आउट होकर चलते बने।

**अच्छी नहीं रही चेन्नई की शुरुआत**

टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और रुतुराज गायकवाड़ 17 रन बनाकर चलते बने। वहीं, रहाणे भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 16 रन बनाकर वरुण का शिकार बने। डेवोन कॉनवे 30 रन बनाने के बाद शार्दुल ठाकुर की गेंद पर आसान सा कैच देकर पवेलियन लौटे। वहीं, सुनील नरेन ने एक ही ओवर में अंबाती रायुडू और मोईन अली की पारी का अंत किया। रायुडू चार तो मोईन सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए।

# चेपॉक में दिखा सुनील नारायण का जलवा, दो खतरनाक बल्लेबाजों को किया 'चारों खाने चित्त

नई दिल्ली, कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व बल्लेबाज युसूफ पठान ने हाल ही में कहा कि पिछले कुछ सालों से सुनील नारायण का परफॉर्मेंस अच्छा नहीं है, इसलिए केकेआर मैनेजमेंट को कुछ अलग सोचने की जरुरत है।

दअरसल,युसूफ का कहना था कि केकेआर मैनेजमेंट को उनकी जगह किसी नए खिलाड़ी को मौका देना चाहिए।लेकिन, आईपीएल 2023 के 61वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने युसूफ की इस बात को गलत साबित कर दिया और इस मैच में बताया कि वो क्यों इतने खतरनाक स्पिनर हैं।

**सुनील नारायण ने की कमाल की गेंदबाजी**




इस मुकाबले के पहले पारी में सुनील नारायण ने 4 ओवर में महज 15 रन देकर दो बड़े विकेट हासिल किए। इस पारी के 11वें ओवर की पहली गेंद पर नारायण ने सबसे पहले अंबाती रायुडू को 4 रन के स्कोर पर आउट कर दिया। इसके बाद इस ओवर की अंतिम गेंद पर उन्होंने मोईन अली को 1 रन के स्कोर पर आउट कर दिया। बता दें कि दोनों को उन्होंने क्लीन बोल्ड कर दिया।

बता दें कि प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए केकेआर को यह मुकाबला जीतना जरुरी है। सुनील नारायण की सधी हुई गेंदबाजी के बदौलत सीएसके टीम 20 ओवर की समाप्ति के बाद सिर्फ 144 रन बना सकी।

## फिल्मी सफर

# शाहरुख खान संग रोमांस करेंगी कियारा आडवाणी!! तो क्या पटरी पर लौटी संजय लीला भंसाली की इंशाअल्लाह?





बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी हालिया रिलीज ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान के बाद अगली फिल्मों की तैयारियों में जुट चुके हैं। इसके साथ ही उनकी अपकमिंग फिल्मों को लेकर भी खास बज देखा जा रहा है।

रिपोर्ट्स की मानें तो सुपरस्टार शाहरुख खान की एक और अगली फिल्म को लेकर चर्चाएं होनी शुरू हो गई हैं। खबर है कि सुपरस्टार शाहरुख खान जल्दी ही निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म के लिए हाथ मिलाने वाले हैं। सुनने में आया है कि संजय लीला भंसाली अपनी रोमांटिक ड्रामा फिल्म को किंग खान के साथ करने की प्लानिंग में हैं। यही नहीं, खबर मिली है कि शाहरुख खान के साथ इस फिल्म में निर्देशक संजय लीला भंसाली अदाकारा कियारा आडवाणी को कास्ट कर सकते हैं। अब जबसे ये खबर सामने आई है लोग कयास लगाने लगे हैं कि कहीं ये फिल्म इंशाअल्लाह ही तो नहीं।

जिन्हें जानकारी नहीं हैं उन्हें बता दें कि निर्देशक संजय लीला भंसाली सुपरस्टार सलमान खान के साथ फिल्म इंशाअल्लाह प्लान कर रहे थे। इस फिल्म में सलमान खान के साथ लीड रोल में अदाकारा आलिया भट्ट नजर आने वाली थीं। ये भी एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी। इसका मेगा ऐलान भी हो चुका था। बाद में क्रिएटिव डिफरेंसेस की वजह से सलमान खान ने इस फिल्म से हाथ पीछे खींच लिया था। तब से ही ये फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई। अब शाहरुख खान और कियारा आडवाणी के साथ निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म की सुगबुगाहट के साथ ही इंशाअल्लाह के फ्लोर पर आने के कयास लगने लगे हैं।

सुपरस्टार शाहरुख खान के फिल्मी करियर की बात करें तो पठान की बंपर सक्सेस के बाद उनकी अगली फिल्म डंकी और जवान को लेकर काफी बज है। इसके बाद सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी पठान के दूसरे पार्ट के लिए सलमान खान के साथ हाथ मिलाने वाले है। साथ ही अगर ये रिपोर्ट्स सही निकलीं तो शाहरुख खान निर्देश-क संजय लीला भंसाली की फिल्म इंशाअल्लाह को लेकर आ सकते हैं।

## शिमरी व्हाइट आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रहीं हैं रिया चक्रवर्ती

बॉलीवुड एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती इन दिनों हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट पर रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते रहते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर इंटरनेट का पारा गर्म कर दिया है। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती इन दिनों अपनी बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर के काफी लाइमलाइट बटौर रही हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस रिया ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट लुक देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस अपनी अदाओं से फैंस को इस कदर दीवाना बना देती हैं कि लोगों की नजरें उन पर से हटना मुश्किल हो जाती हैं। रिया चक्रवर्ती ने अपने इन लेटेस्ट लुक में व्हाइट कलर का शिमरी आउटफिट पहना हुआ है।

# अनुराग कश्यप की कैनेडी का टीजर जारी, कान्स फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी फिल्म

अनुराग कश्यप ने हिंदी सिनेमा में कई ऐसी दिलचस्प फिल्में और सीरीज बनाई हैं। उनकी फिल्मों के लोग दीवाने रहते हैं। अब हाल ही में अनुराग कश्यप की फिल्म केनेडी कान फिल्म फेस्टिवल 2023 में स्क्रीनिंग के लिए चुनी गई है। वहीं मेकर्स ने इस फिल्म का ऑफिशियल टीजर रिलीज कर दिया है। इसमें राहुल भट्ट और सनी लियोनी नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने पहली बार इसकी झलक दिखाई है।



अनुराग कश्यप की अपकमिंग फिल्म कैनेडी का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म के टीजर ने आते ही फैंस की एक्साइटमेंड को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। टीजर को देखकर कहा जा सकता है कि फिल्म पूरी तरह से सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर है। राहुल भट्ट के साथ–साथ टीजर में सनी लियोन की एक्टिंग भी लाजवाब लगी। टीजर की शुरुआत बता कितने कत्ल किये तूने... डायलॉग से होती है। इसके बाद आवाज आती है, बता कितना मजा आया। बेहिसाब चल रहा है। तो आपने लाश की कीमत लगाता चल। क्योंकि बाकी रहा तो कुछ और, कुछ भी नहीं। इस बीच तमाम गोली बारी, कत्ल होता है।टीजर के अंत में चार्ली के रूप में सनी लियोनी की एंट्री होती है। टीजर में सनी लियोन कुछ सेकंड के लिए ही नजर आईं, लेकिन उनकी एक्टिंग देखकर भी लोग हैरान रह गए हैं। कैनेडी के टीजर में सस्पेंस और थ्रिलर कूट–कूटकर भरा है। बता दें कि केनेडी 76वें कान फिल्म फेस्टिवल में 24 मई 2023 को दिखाई जाएगी।

# मुझे सच बोलने के लिए विवादास्पद करार दिया गया है : शर्लिन चोपड़ा



अभिनेत्री शर्लिन चोपड़ा का एक हिप–हॉप गीत आने वाला है, जो बॉलीवुड में उनकी विवादास्पद यात्रा के इर्द–गिर्द घूमता है।यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें विवादास्पद होने में मजा आता है, उन्होंने कहाः सच विवादास्पद होता है और इसलिए जब मैं सच बोलती हूं, तो मुझे विवादास्पद करार दिया जाता है! मेरा आगामी रैप गीत उद्योग में मेरी रोलर–कोस्टर यात्रा के बारे में बहुत कुछ बताता है। इसलिए यह वास्तव में मेरे दिल के करीब है और मेरे लिए किसी भी अन्य प्रोजेक्ट से कहीं अधिक मायने रखता है।गाने के विवरण के बारे में बात करते हुए, शर्लिन ने कहा कि यह मुंबई के बाहरी इलाके में फिल्माया गया है और यह तेज गति वाला और स्वैग वाला गाना है।मुझे यकीन है कि यह विशेष रूप से युवाओं द्वारा बेहद पसंद किया जा रहा है! मैंने रैप गीत और इसके संगीत वीडियो में अपना दिल और आत्मा डाल दी है! मैंने इस गीत के लिए अच्छे शेप में रहने के लिए खूब वर्कआउट किया है।जल्द ही रिलीज होने वाले हिप–हॉप गाने के अलावा, शर्लिन तीन बैक–टू–बैक शॉर्ट फिल्में और एओटीटी प्लेटफॉर्म पर एक वेब–सीरीज में भी नजर आएंगी।

# प्रभास ने बाहुबली के निर्माताओं संग फिर मिलाया हाथ, फिल्म को लेकर बातचीत शुरू

दक्षिण भारतीय फिल्मों के मशहूर सितारे प्रभास बाहुबली 1 और बाहुबली 2 से दुनिया भर में छा गए थे। एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी इस पीरियड–ड्रामा को अभिनेता अपने करियर के लिए अहम मानते हैं। आज अभिनेता की फिल्म आदिपुरुष का मोशन पोस्टर जारी हुआ है तो अब उनसे जुड़ी एक और जानकारी सामने आई है। प्रभास ने एक फिल्म के लिए बाहुबली निर्माता शोबू यारलागड्डा और प्रसाद देविनेनी संग हाथ मिलाया है और उनकी बातचीत चल रही है।



रिपोर्ट के अनुसार, एक सूत्र ने कहा, प्रभास और निर्माता कुछ प्रोजेक्ट पर चर्चा कर रहे हैं। हालांकि, उन्हें एक विषय बाकी की तुलना में ज्यादा पसंद आया है, जो बाहुबली से एकदम अलग है। सूत्र ने कहा, इसमें प्रभास का किरदार बिल्कुल भी वैसा नहीं होगा जैसा उन्हें पहले बड़े पर्दे पर देखा जा चुका है। अब प्रभास जैसे ही अपने सभी कामों को पूरा कर लेते हैं तो इस अनटाइटल्ड फिल्म पर बात शुरू होगी।

पहले हुई बातचीत में निर्माता प्रसाद ने बाहुबली 3 की संभावना पर बात की थी, जब निर्देशक ने कथित तौर पर इसके बारे में संकेत दे दिया था। उन्होंने कहा था, राजामौली जो कह रहे थे वह यह है कि बाहुबली की दुनिया में कहानी बताने की गुंजाइश है, लेकिन हम तुरंत इसके बारे में नहीं सोच रहे हैं। उनके कुछ काम हैं। हम बाद में इस पर विचार करेंगे। सब ठीक रहा तो निश्चित ही इसे बना सकते हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com